संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार, 07 अक्टूबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 17 अंकः 268 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



मुख्यमंत्री योगी ने पीलीभीत में वन जीव संरक्षण और सतत इको पर्यटन विकास एवं प्रर्दशनी का अवलोकन किया।

**फास्ट न्यूज**

### जेल में बंद नरगिस मोहम्मदी को शांति का नोबेल

**टीम एक्शन इंडिया/स्टॉकहोम**

ईरान में महिला उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने, सभी के लिए मानवाधिकारों और स्वतंत्रता को बढ़ावा देने की लड़ाई के लिए नरगिस मोहम्मदी को वर्ष 2023 के लिए शांति का नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा हुई है। मोहम्मदी अभी भी तेहरान की कुख्यात एविन जेल में बंद हैं। नोबेल पुरस्कार समिति की ओर से कहा गया कि नरगिस मोहम्मदी को बहादुरी भरे संघर्ष की जबरदस्त व्यक्तिगत कीमत चुकानी पड़ी। ईरानी शासन ने उन्हें 13 बार गिरफ्तार किया, पांच बार दोषी ठहराया और कुल 31 साल जेल और 154 कोड़े की सजा सुनाई। मोहम्मदी इस समय भी जेल में हैं।

### गडकरी ने हिमाचल के लिए 154.25 करोड़ की योजनाओं को दी मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्रीय** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि देश में सुचारू परिवहन के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करना मोदी सरकार की प्राथमिकता है। केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि के तहत हिमाचल प्रदेश के ऊना और कांगड़ा क्षेत्र के लिए 154.25 करोड़ रुपये की योजनाएं स्वीकृत की गई हैं। गडकरी ने एक्स पर कहा कि हाल ही में हिमाचल प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित रहा है।

# 'वामपंथी उग्रवाद' पर शाह के सख्त तेवर

= 'वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक दौर में: अमित शाह, शाह ने समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की

**लक्ष्य निर्धारित**

**8 वामपंथी उग्रवाद को अगले दो वर्षों में पूरी तरह समाप्त करने के संकल्प का यह वर्ष है: केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्रीय** गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि वामपंथी उग्रवाद को अगले दो वर्षों में पूरी तरह समाप्त करने के संकल्प का यह वर्ष है। राज्यों के सहयोग से 2022 और 2023 में इस समस्या के खिलाफ बड़ी सफलताएं प्राप्त हुई हैं। अब यह लड़ाई निर्णायक दौर में आ चुकी है। अमित शाह ने नई दिल्ली में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में केंद्रीय मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, केंद्रीय गृह सचिव, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के महानिदेशक, केंद्र सरकार के सचिव, राज्यों के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। शाह ने आगाह किया कि वामपंथी उग्रवाद से मुक्त हुए क्षेत्रों में लगातार निगरानी बनाए रखने की जरूरत है जिससे वहां यह समस्या फिर से खड़ी न हो सके। हमारी जीरो टॉलरेंस की नीति के परिणामस्वरूप चार दशक में सबसे कम हिंसा और मृत्यु 2022 में दर्ज की गई है। गृहमंत्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले कुछ वर्षों में वामपंथी उग्रवाद पर नकेल कसने में अच्छी सफलता हासिल हुई है, अब यह लड़ाई निर्णायक दौर में आ चुकी है।



उन्होंने कहा कि 2019 के बाद से अब तक निर्वात (वेक्यूम) क्षेत्र सिकुड़ता जा रहा है, हमने सीएपीएफ के 195 नए शिविर स्थापित किए हैं, साथ ही 44 नए शिविर और स्थापित किए जाएंगे। मोदी सरकार की प्राथमिकता वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती, विकास का संतुलन और निर्वात क्षेत्रों में शिविर स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि 2005 से 2014 के कालखंड के मुकाबले 2014 से 2023 के बीच वामपंथी उग्रवाद संबंधी हिंसा में 52 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है, सुरक्षाबलों की मृत्यु में 72 प्रतिशत और नागरिकों की मृत्यु में 68 प्रतिशत की कमी आई है।

गृहमंत्री ने बताया कि वामपंथी उग्रवाद के वित्तीय पोषण पर प्रहार करने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) सभी राज्यों की एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 2017 में वामपंथी उग्रवाद के पीड़ितों के लिए अनुग्रह राशि को 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दिया था। अब इसे और बढ़ाकर 40 लाख रुपये किया गया है।

मोदी सरकार ने 9 वर्षों में सुरक्षा से जुड़े खर्च को पहले की तुलना में लगभग दोगुना बढ़ाने का काम किया है। गृहमंत्री शाह ने कहा कि फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशनों के निर्माण, राज्य के खुफिया उपकरणों और उग्रवाद से प्रभावित राज्य के विशेष बलों को मजबूत बनाने के लिए 992 करोड़ रुपये की विशेष बुनियादी ढांचा योजना के सुझाव दिए गए हैं। मोदी सरकार ने 9 साल में सुरक्षा संबंधी व्यय में लगभग दोगुनी बढ़ोतरी की है।

**ईकोसिस्टम की जरूरत**

**आतंकवाद पर काफी** हद तक लगाम लगाने के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने इसके पूरे ईकोसिस्टम को सख्ती से कुचलने की जरूरत बताई है। उन्होंने कहा कि भविष्य में कोई आतंकी संगठन खड़ा ही न हो पाए, इसके लिए सभी आतंकरोधी एजेंसियों को सख्त रुख अपनाना होगा। उन्होंने एनआइए, एटीएस और एसटीएफ जैसी एजेंसियों को आतंकी घटनाओं की जांच के दायरे से निकलकर आतंकवाद को जड़मूल से खत्म करने पर काम करने की सलाह दी।

### 'वामपंथी सुरक्षा स्थिति में सुधार हुआ'



**अधिकारियों** ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में देश में वामपंथी सुरक्षा स्थिति में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। केंद्र सरकार ने 2015 में 'एलडब्ल्यूई से निपटने के लिए राष्ट्रीय नीति और कार्य योजना' को मंजूरी दी थी। अधिकारियों ने कहा कि नीति में सुरक्षा संबंधी उपायों, विकास हस्तक्षेपों, स्थानीय समुदायों के अधिकारों और हकदारियों को सुनिश्चित करने आदि को शामिल करते हुए एक बहु-आयामी रणनीति की परिकल्पना की गई है। उन्होंने कहा कि इस नीति के दृढ़ कार्यान्वयन से देश भर में वामपंथी हिंसा में लगातार गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि वामपंथी हिंसा में सुरक्षा बलों और नागरिकों की मौत की संख्या भी 2010 की तुलना में 2022 में 90 प्रतिशत कम हो गई है। गृह मंत्रालय द्वारा तैयार आंकड़ों के अनुसार, 2004 से 2014 के बीच वामपंथी उग्रवाद से संबंधित 17,679 घटनाएं हुईं और 6,984 मौतें हुईं।

इसके विपरीत, आंकड़ों से पता चलता है कि 2014 से 2023 (15 जून 23 तक) तक 7,649 वामपंथी उग्रवाद से संबंधित घटनाएं और 2,020 मौतें हुई हैं।

**रणनीति**

**8 हकदारियों को सुनिश्चित करने आदि को शामिल करते हुए एक बहु-आयामी रणनीति की परिकल्पना की गई है**

**कई राज्यों के मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों ने बैठक में लिया हिस्सा** : अधिकारियों ने कहा कि नक्सल प्रभावित राज्यों में हिंसक घटनाओं में 2010 की तुलना में 2022 में 77 प्रतिशत की कमी आई है। समीक्षा बैठक में महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और झारखंड के मुख्यमंत्रियों ने भाग लिया। बैठक में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस भी शामिल हुए। वहीं ओडिशा, बिहार, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व राज्य के मंत्रियों ने किया।











# 'इंडिया' में दिखने लगी दरार !

## 'ना करें क्या फर्क पड़ता है...' संजय की गिरफ्तारी पर कांग्रेस के सशर्त समर्थन पर बोले सीएम केजरीवाल

**हमला बोला**

**8 कांग्रेस हमारा समर्थन न करें, क्या फर्क पड़ता है। हमारी इतनी जांच करा ली, लेकिन कुछ नहीं मिला**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गाजीपुर लैंडफिल साइट पहुंचे हैं, जहां उन्होंने मीडिया से मुखातिब होते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा है और कहा कि मोदी सरकार न खुद कुछ करती है, न दूसरों को करने देती है। साथ ही उन्होंने संजय सिंह की गिरफ्तारी पर कांग्रेस के सशर्त समर्थन करने पर भी हमला बोला है।

**फर्जी है पूरा शराब घोटालाः** लैंडफिल साइट का दौरा करने के बाद मीडिया बातचीत के दौरान एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस हमारा समर्थन न करें, क्या फर्क पड़ता है। साथ ही उन्होंने कहा कि उन्होंने हमारी इतनी जांच करा ली, लेकिन कुछ नहीं निकला...आपने कल सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई को सुना, पूरा शराब घोटाला झूठा है, एक पैसे का भी लेन-देन नहीं हुआ। जज सबूत मांगते रहे, लेकिन उनके पास कुछ नहीं था। कुछ ही दिनों में शराब घोटाला... को बंद कर देंगे, कोई और घोटाला ले आएंगे।





**दिल्ली में साथ, पर पंजाब में मतभेद**

आपको बता दें कि शुक्रवार को कांग्रेसी सांसद केसी वेणुगोपाल ने आप नेता संजय सिंह की गिरफ्तारी का विरोध करने के साथ ही पंजाब में सुखपाल सिंह खैरा की गिरफ्तारी का भी विरोध किया है। पंजाब पुलिस ने सुखपाल को 2015 के ड्रग्स तस्करी मामले में 28 सितंबर को गिरफ्तार किया था, जहां से अदालत ने खैरा को दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया।

**स्टैंडिंग कमेटी के गठन के बाद नई कंपनियों को मिलेगी जिम्मेदारीः** वहीं, उन्होंने लैंडफिल साइट पर कूड़ा निस्तारण के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि गाजीपुर लैंडफिल साइट पर कूड़ा निस्तारण का काम काफी धीमी गति से चल रहा है, क्योंकि यहां तीन कंपनियां काम कर रही है। जिनमें आपस में झगड़ा चल रहा है।

### संजय सिंह को भेजा पांच दिन की रिमांड पर भेजा



**गिरफ्तार** राज्यसभा सांसद संजय सिंह को 10 अक्तूबर तक प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में भेज दिया गया। मामले में ईडी ने 10 दिन के हिरासत की मांग की थी। हालांकि, अदालत ने सुनवाई के दौरान ईडी के समक्ष कई सवाल उठाए। राउज एवन्यू कोर्ट में विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल के समक्ष संजय सिंह को कड़ी सुरक्षा में पेश किया गया। ईडी ने संजय सिंह का 10 दिन का रिमांड मांगते हुए कहा कि वह मामले में पूरी तरह से लिप्त हैं।

**रिमांड से पहले ईडी के वकील ने रखी दलीलें :** ईडी के वकील ने कहा कि संजय के घर से कई दस्तावेज बरामद हुए हैं। गवाहों और अन्य आरोपियों से आमने-सामने बिठाकर पूछताछ करने के लिए रिमांड स्वीकार किया जाए। अदालत ने ईडी से सवाल किया कि मामला काफी पुराना है और यदि आपके पास साक्ष्य थे तो गिरफ्तारी में इतनी देरी क्यों हुई।

# न्यूजक्लिक के संस्थापक की गिरफ्तारी मामले में पुलिस को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** हाई कोर्ट ने न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और एचआर हेड अमित चक्रवर्ती की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। जस्टिस तुषार राव गडेला ने इस मामले पर अगली सुनवाई 9 अक्टूबर को करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान आज वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि दोनों आरोपितों की गिरफ्तारी गैरकानूनी है। दोनों को गिरफ्तारी का कारण नहीं बताया गया। हिरासत का आदेश आरोपितों का पक्ष सुने बिना पारित कर दिया गया। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस मामले पर जवाब देने के लिए समय देने की मांग की। पांच अक्टूबर को पटियाला हाउस कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को निर्देश दिया था कि वो यूएपीए के तहत गिरफ्तार न्यूज क्लिक के संस्थापक पुरकायस्थ और न्यूज क्लिक के एचआर हेड अमित चक्रवर्ती को एफआईआर

**गैरकानूनी**

**8 सुनवाई के दौरान आज वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि दोनों आरोपितों की गिरफ्तारी गैरकानूनी है**

की प्रति उपलब्ध कराए। चार अक्टूबर को कोर्ट ने पुरकायस्थ को अपने वकील से मिलने की इजाजत दे दी थी। पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती को दिल्ली पुलिस ने 3 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। दोनों को न्यूयॉर्क टाइम्स में छपी खबर के आधार पर गिरफ्तार किया गया था। न्यूयॉर्क टाइम्स में खबर छपी थी कि न्यूज क्लिक को चीनी प्रोपेगेंडा बढ़ाने के लिए पैसे मिले हैं। खबर के मुताबिक अमेरिकी मिलियनेर नेविली रॉय सिंघम ने न्यूज क्लिक को चीनी प्रोपेगेंडा को बढ़ावा देने के लिए धन दिए। कोर्ट ने 3 अक्टूबर को पुरकायस्थ और न्यूजक्लिक के एचआर हेड अमित चक्रवर्ती को सात दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया था।

# सीएम ने हिमाचल राज्य राहत कोष में 10 करोड़ रुपए दिए दान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**हिमाचल** प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के अनुरोध पर शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हिमाचल प्रदेश राज्य के राहत कोष में 10 करोड़ रुपये का दान दिया है। इससे पहले, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ने लगातार मॉनसून बारिश के कारण होने वाले नुकसान को कम करने के लिए दिल्ली सरकार से मदद मांगी थी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुखद घटना से उन्हें गहरा दुख हुआ है। मैं उन लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। केजरीवाल ने देवभूमि की जनता को इस संकट में मदद करने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार को हर संभव सहायता का आश्वासन भी दिया है। इससे पहले, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पत्र लिखकर मानसून की बारिश से प्रदेश में पैदा हुए संकट में राहत पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मदद मांगी थी। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा था कि हाल ही में मानसून के दौरान हिमाचल प्रदेश में हुई भारी बारिश से संपत्ति और मानव जीवन को बहुत नुकसान



**मदद**

**8 हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ने नुकसान को कम करने के लिए दिल्ली सरकार से मदद मांगी थी**

हुआ है। ऐसा प्रदेश में पहले कभी नहीं देखा गया। अपनी जनता को राहत पहुंचाने के लिए राज्य सरकार ने 'आपदा राहत कोष' 2023 खोला है, जिससे प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल राहत और पुनर्वास प्रदान किया जा सके। आपके द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता निस्संदेह प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों के जीवन में अहम बदलाव लाएगी।

## दिल्ली पीआरएस की सभी सेवाएं साढ़े चार घंटे स्थायी रूप से बंद रहेंगी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** में रेलवे की यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) की सभी सेवाएं 7 अक्टूबर की मध्यरात्रि 11.45 बजे से 8 अक्टूबर को तड़के 04.15 बजे तक करीब 4.30 घंटे तक बंद रहेंगी। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्थिर और गतिशील डेटाबेस संपीडन कार्य के लिए दिल्ली पीआरएस की सभी सेवाएं जैसे आरक्षण, निरस्तीकरण, चार्टिंग, पूछताछ सेवा (139 तथा काउंटर सेवा), इंटरनेट बुकिंग तथा ईडीआर सेवाएं 7 अक्टूबर की मध्यरात्रि 11.45 बजे से 8 अक्टूबर को तड़के 04.15 बजे तक करीब 4.30 घंटे तक लगभग साढ़े चार घंटे उपलब्ध नहीं रहेंगी।




दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल सरकार के विरोध में भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा द्वारा दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर खिलाफ चलाया गया जन जागरण अभियान।

# मेट्रोः सभी लाइनों पर अब व्हाट्सऐप से टिकट की सुविधा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने गुरुवार को अपने इनोवेटिव व्हाट्सएप-आधारित टिकटिंग सिस्टम का गुरुग्राम रैपिड मेट्रो समेत दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) को कवर करने वाली सभी लाइनों पर विस्तार करने की घोषणा की। यह सुविधा व्हाट्सऐप की प्रवर्तक कंपनी मेटा और उनके अधिकृत भागीदार पेलोकल फिनटेक प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी में दी जाएगी। जून में एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर इसकी शुरूआत की गई थी। यात्री अब व्हाट्सएप पर 9650855800 पर 'हाय' टेक्स्ट के साथ एक संदेश भेज सकते हैं या पूरे नेटवर्क पर अपने स्मार्टफोन का उपयोग करके आसानी से मेट्रो टिकट खरीदने के लिए क्यूआर कोड स्कैन कर सकते हैं।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के प्रबंध निदेशक विकास कुमार ने एक बयान में कहा, "व्हाट्सएप अधिकांश भारतीयों के लिए पसंदीदा मैसेजिंग प्लेटफॉर्म है, और मेट्रो टिकट खरीदना अब किसी दोस्त या परिवार के सदस्य को मैसेज करने जितना आसान होगा। हमें विश्वास है कि यह एकीकरण अधिक यात्रियों को दिल्ली मेट्रो को यात्रा के अपने पसंदीदा माध्यम के रूप में चुनने के लिए प्रोत्साहित करेगा। एक उपयोगकर्ता द्वारा एक ही समय में अधिकतम छह क्यूआर टिकट तैयार किए जा सकते हैं।

# जामिया मिल्लिया इस्लामिया के 26 शोधकर्ता शीर्ष 2 फीसदी वैज्ञानिकों की सूची में

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**जामिया** मिल्लिया इस्लामिया के 26 शोधकर्ताओं ने स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय की शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की प्रतिष्ठित वैश्विक सूची में स्थान हासिल किया। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रख्यात प्रोफेसर जॉन आयोनिडिस के नेतृत्व में विशेषज्ञों की एक टीम द्वारा तैयार और एल्सेवियर बी.वी. द्वारा प्रकाशित यह सम्मानित सूची है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय का कहना है कि यह विश्व मंच पर जामिया स्कॉलर्स द्वारा किए गए उत्कृष्ट शोध योगदान का एक प्रमाण है। जामिया की कुलपति प्रोफेसर नजमा अख्तर ने कहा, "यह उपलब्धि जामिया में अपनाए गए असाधारण शोध मानकों को दर्शाती है। यह हमारे विश्वविद्यालय को उत्कृष्टता के वैश्विक पटल पर स्थापित करती है और हमें बेहद गर्व से भर देती है।" स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की सूची में भारत के लगभग 3,500 शोधकर्ताओं को शामिल किया गया है, जो वैश्विक अनुसंधान परिदृश्य पर देश के विद्वतापूर्ण प्रयासों के महत्वपूर्ण प्रभाव को उजागर करता है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी ने दो सूचियां जारी की है, एक करियर-लॉन्ग डेटा पर आधारित है और दूसरी वर्ष 2022 में शोधकर्ताओं के प्रदर्शन पर केंद्रित है। करियर-लॉन्ग डेटा श्रेणी में आठ जामिया प्रोफेसर ने अपना स्थान सुरक्षित किया है। इनमें प्रो. इमरान



अली, प्रो हसीब अहसान, प्रोफेसर सुशांत घोष, प्रो. अतीकुर रहमान, प्रो. अंजन ए.सेन, प्रो. अहमद शरीफ, प्रो. अहमद तोकीर और प्रो. इस्लाम तारिकुल शामिल हैं। वर्ष 2022 प्रदर्शन श्रेणी में, प्रोफेसर और पीएच.डी. सहित प्रभावशाली 26 वैज्ञानिक व जामिया के स्कॉलर्स को मान्यता दी गई है। यह मान्यता 96,17,763 से अधिक शीर्ष वैज्ञानिकों के सार्वजनिक रूप से उपलब्ध डेटाबेस पर आधारित है। इसमें उद्धरण, एच-इंडेक्स, विभिन्न लेखक पदों पर कागजात के उद्धरण

**उपलब्धि**

**8 यह विश्व मंच पर जामिया स्कॉलर्स द्वारा किए गए उत्कृष्ट शोध योगदान का एक प्रमाण है**

और एक समग्र संकेतक पर मानकीकृत जानकारी शामिल है। स्टैण्डर्ड साइंस-मेट्रिक्स वर्गीकरण के अनुसार, वैज्ञानिकों को 22 वैज्ञानिक क्षेत्रों और 174 उप-क्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया है। कम से कम पांच पेपर वाले सभी वैज्ञानिकों के लिए फील्ड- और उप-फील्ड-विशिष्ट प्रतिशत भी प्रदान किए जाते हैं। करियर-लॉन्ग डेटा को 2022 के अंत तक अद्यतन किया जाता है और एकल हालिया वर्ष का डेटा कैलेंडर वर्ष 2022 के दौरान प्राप्त उद्धरणों से संबंधित होता है। यह चयन सी-स्कोर (स्व-उद्धरण के साथ और बिना) सब-फील्ड में 2 प्रतिशत या उससे अधिक की प्रतिश तक रैंक या ए द्वारा शीर्ष 100,000 वैज्ञानिकों पर आधारित है। विश्वविद्यालय का कहना है कि सी-स्कोर उत्पादकता (प्रकाशनों की संख्या) के बजाय इम्पेक्ट (साइटेशन) पर ध्यान केंद्रित करता है, और इसमें को-ऑथरशिप और ऑथर पोजीशन पर जानकारी भी शामिल होती है।

# अतिक्रमण को बढ़ावा दे रही आपः वीरेंद्र सचेदवा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भाजपा** ने आम आदमी पार्टी शासित नगर निगम में अवैध निर्माण और अतिक्रमण को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि अवैध निर्माण रोकने वाले निगम अधिकारियों को आप नेता पद से हटाने या किसी झूठे मामले में फंसाने की धमकी देते हैं। महापौर डॉ. शैली ओबेराय ने हौजखास गांव में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) के संरक्षित स्मारक के पास हो रहे अवैध निर्माण पर कार्रवाई करने वाले दक्षिणी दिल्ली जोन के क्षेत्रीय अधिकारी को पद से हटाने के लिए निगमायुक्त को पत्र

**साधा निशाना**

**8 अवैध निर्माण रोकने वाले निगम अधिकारियों को आप नेता पद से हटाने या किसी झूठे मामले में फंसाने की धमकी देते हैं: प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा**

लिखा है। प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के जड़ में भ्रष्टाचार है। इनके नेता न नियम मानते हैं और संवैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हैं। हौजखास में एएसआइ के स्मारक के नजदीक प्रतिबंधित क्षेत्र में आम आदमी पार्टी के एक सांसद से संबंधित लोग प्रतिबंधित क्षेत्र में पुराने निर्माण को तोड़कर नया निर्माण कर रहे है। एएसआइ और नगर निगम द्वारा नोटिस भेजने के बावजूद निर्माण काम नहीं रोका गया। अगस्त में तहसीलदार व एएसआइ के अधिकारी मौके पर जाकर इसका निरीक्षण कर निर्माण को अवैध बताया और निर्माण पर रोक लगा दी, लेकिन आप नेता ने फिर भी काम जारी रखा। गुरुवार को निगम ने निर्माण को तोड़ने की कोशिश की तो अदालत से स्टे ले लिया गया।

# डीडीए जल्द खोलेगा रोशनआरा क्लब के क्रिकेट ग्राउंड



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने दिल्ली हाईकोर्ट के समक्ष कहा कि अगले सप्ताह से क्लब के बाहरी क्षेत्र को खोलने पर विचार कर रहा है। क्लब को हाल ही में डीडीए ने सील कर दिया था। डीडीए ने न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी की पीठ के समक्ष कहा कि क्लब वही रहेगा, सिर्फ इसका स्वामित्व केवल भूमि मालिक एजेंसी के पास होगा। डीडीए ने पीठ के समक्ष यह जानकारी रोशनआरा क्लब द्वारा दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई के दौरान दी। वहीं, रोशनआरा क्लब की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता संदीप सेठी और मोहित माथुर ने कहा कि अप्रैल माह में हाईकोर्ट की एकल पीठ ने निर्देश दिया था कि क्लब के खिलाफ केवल इस आधार पर कोई कठोर कदम नहीं उठाया जाएगा कि याचिकाकर्ता क्लब का पट्टा समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि क्लब से जुड़ा एक मामला उच्च न्यायालय की खंडपीठ के समक्ष भी लंबित है। उन्होंने तर्क दिया कि बेदखली लागू कर दी गई है जबकि पट्टे के नवीनीकरण का सवाल अभी भी लंबित है। वहीं, डीडीए की तरफ से पेश हुए अतिरिक्त सालिसिटर जनरल (एएसजी) चेतन शर्मा ने कहा कि क्लब के सदस्य सदस्य बने रहेंगे और डीडीए को संपत्ति पर अपने स्वामित्व का प्रयोग करने का अधिकार है। इस पर पीठ ने कहा कि यह एक क्लब नहीं रहेगा। एएसजी ने जवाब दिया कि यह क्लब बना रहेगा और इसका स्वामित्व अब डीडीए के पास वापस आ गया है। उन्होंने कहा कि तकनीकी रूप से पट्टा डीडीए के पास वापस आ गया है और वे सभी के लिए पोर्टल खोलेंगे।

**सुनवाई**

## न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने कुशल और मजबूत प्रतिक्रिया तंत्र की जरुरत पर जोर दिया

# धोखाधड़ी जांच में देरीः हाईकोर्ट ने 24 बैंकों को नोटिस जारी किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** हाईकोर्ट ने धोखाधड़ी वाली वेबसाइटों के संबंध में वित्तीय संस्थानों से प्रतिक्रिया में देरी के संबंध में दिल्ली पुलिस द्वारा उठाई गई चिंताओं के बाद 24 बैंकों को नोटिस जारी किया है। कोर्ट के समक्ष मामला ब्रांड मालिकों के ट्रेडमार्क अधिकारों के उल्लंघन में अज्ञात तीसरे पक्ष से पंजीकृत किए जा रहे डोमेन नामों (उल्लंघनकारी डोमेन नामों को ब्लॉक करने के अदालत के पूर्व आदेशों के बावजूद) से संबंधित है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने कुशल और मजबूत प्रतिक्रिया तंत्र की जरुरत पर जोर दिया, खासकर इसलिए क्योंकि इन धोखाधड़ी गतिविधियों के कारण निर्दोष ग्राहक महत्वपूर्ण वित्तीय नुकसान का शिकार हुए हैं। दिल्ली पुलिस ने खाताधारकों के पते के उचित सत्यापन के बिना बैंक अकाउंट खोलने की खतरनाक प्रथा के बारे में भी अदालत को सूचित किया। दिल्ली पुलिस की साइबर सेल ने अदालत को इन धोखाधड़ी वाली वेबसाइटों को होस्ट करने वाले डोमेन नाम रजिस्ट्रार और मध्यस्थों से पर्याप्त जानकारी प्राप्त करने में



**जवाब तलब**

**8 डोमेन नामों उल्लंघनकारी डोमेन नामों को ब्लॉक करने के अदालत के पूर्व आदेशों के बावजूद) से संबंधित है**

कठिनाइयों के बारे में अवगत कराया।

इसके अलावा पुलिस को भारतीय पासपोर्ट आवेदन स्वीकार करने और अत्यधिक प्रोसेसिंग शुल्क वसूलने के दावों से जनता को धोखा देने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली फर्जी वेबसाइटों के संबंध में विदेश मंत्रालय से शिकायतें प्राप्त होने की सूचना मिली है। यह पता चला कि सर्च इंजन परिणामों के शीर्ष पर इन धोखाधड़ी वाली वेबसाइटों को बढ़ावा देने के लिए गूगल विज्ञापनों को भुगतान किया गया था। इन चिंताओं पर प्रतिक्रिया देते हुए हाईकोर्ट ने गूगल को साइबर सेल के साथ सहयोग करने के लिए एक अधिकारी को नामित करने का निर्देश दिया है। इस सहयोग में धोखाधड़ी वाली वेबसाइटों के संबंध में आवश्यक जानकारी और जांच के लिए जरूरी कोई अन्य मदद प्रदान करना शामिल होगा। अदालत इस मामले पर 24 नवंबर को सुनवाई करने वाली है।

## तीस हजारी कोर्ट फायरिंग मामले में अदालत में हुई सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**तीस** हजारी कोर्ट परिसर में वकीलों के बीच झड़प के दौरान हुई फायरिंग की घटना में गिरफ्तार आठ आरोपित वकीलों को अदालत ने जमानत दे दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पवन सिंह राजावत ने सुनवाई के दौरान कहा कि मामले में मुकदमा अभी शुरू नहीं हुआ है और इसमें काफी समय लगेगा। अदालत ने कहा कि आरोपित करीब 90 दिनों से न्यायिक हिरासत में हैं और मामले में आरोपपत्र पहले ही दाखिल किया जा चुका है। अदालत ने आठों आरोपित राम पांडे, ललित शर्मा, मनीष शर्मा, सचिन सांगवान, राहुल शर्मा, रवि गुप्ता, अमन सिंह और जितेश खारी को 50 हजार के जमानत बांड और इतनी ही राशि की जमानत राशि जमा करने की शर्त पर जमानत दे दी।

# हरियाणा डिपो होल्डर एसोसिएशन ने राजीव जैन को सौंपा ज्ञापन

## भारतीय मजदूर संघ के जन्म से लेकर उसके विस्तार और उसकी उपलब्धियों के बारे में कर्मचारियों को बताया

**मांग**

**8 पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन को ज्ञापन सौंपा**





**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
हरियाणा डिपो होल्डर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन को ज्ञापन सौंपकर मांग की है डिपो होल्डर्स पर 60 वर्ष से ज्यादा आयु वाले डिपो धारकों के डिपो खत्म करने का निर्णय वापिस लिया जाये तथा डिपो पर कार्डों की सीमा 300 से बढ़कर 600 की जाये।
महावीर कॉलोनी सिथित सामुदायिक केंद्र में एसोसिएशन के प्रदेशध्यक्ष राकेश कुमार छिक्कारा ने डिपो होल्डर्स का कमीशन 150 रुपए किवंटल से बढ़ाकर 200 रुपए किंवटल करने तथा महिलाओं को नए डिपो देने में प्राथमिकता देने के लिए धन्यवाद किया और कहा कि 60 वर्ष की आयु सीमा लगाए जाने से लगभग दो हजार डिपो धारक बर्बाद हो जायेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार को शर्त लगनी भी है तो नए डिपो पर लगाई जाये न कि पुराने लम्बे समय से चल रहे डिपो होल्डर्स पर। एसोसिएशन के प्रधान त्रिलोक जैन ने कहा कि डिपो पर तीन सौ कार्ड की लिस्ट करने से डिपो धारकों का गुजारा मुश्किल से होगा और वह फिर गलत रास्तों पर चलेंगे। राजीव जैन ने कहा कि भाजपा सरकार ने डिपो धारकों का कमीशन बढ़ाने के साथ साथ इंस्पेक्टरी राज से छुटकारा दिलाने का काम किया है और आज हर डिपो धारक पारदर्शिता के कारण आत्म सम्मान से अपना वयवसाय कर सकता है। सरकार का प्रयास है कि डिपो धारकों को पूरी तरह आत्म निर्भर बनाया जाये ताकि वह इधर उधर से ध्यान पूरी तरह हटा लें। राजीव जैन ने आश्वाशन दिया कि वह सरकार तक मांगों को पंहुचाकर पूरा प्रयास करेंगे कि समस्याओं का समाधान हो जाये। बैठक में राम चरण शर्मा, राजेंद्र, पीला राम, राज कुमार गोयल, संदीप महेंद्र, सन्नी भरद्वाज, विकाश, निखिल जैन, राहुल जैन, मुकेश, सोम प्रकाश अग्रवाल, सूरत सिंह, निर्मल जैन, शाम लाल सैनी, रजत जैन सहित सैंकड़ो डिपो होल्डर उपस्थित रहे।

# 18 को कर्मचारी अभियांत्रिकी मंत्री के घर का बावल में करेंगे घेराव

**हल्लाबोल की..**

**8 (हरियाणा कर्मचारी महासंघ) शाखा लाडवा की मीटिंग शाखा प्रधान महेंद्र सिंह सैनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई**



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन रजिस्टर नंबर 681 संबंधित (हरियाणा कर्मचारी महासंघ) शाखा लाडवा की मीटिंग शाखा प्रधान महेंद्र सिंह सैनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मंच का संचालन शाखा सचिव कृष्ण दत्त द्वारा किया गया। मीटिंग में विशेषकर जिला प्रधान अमरीक सिंह चट्ठा व जिला सचिव जगदीप सिंह उपस्थित रहे। मीटिंग में शाखा लाडवा से संबंधित सभी कर्मचारियों व पदाधिकारीयों ने भाग लिया। मीटिंग में बोलते हुए अमरीक सिंह चट्ठा बताया की प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर कर्मचारियों की जायज मांगों को लेकर संगठन निरंतर संघर्षरत व प्रयासरत है !हरियाणा सरकार द्वारा कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं को लेकर निरंतर अनदेखा किया जा रहा है व अब तक संगठन को बातचीत के लिए कोई बुलावा नहीं दिया गया है ! जिसको लेकर पूरे प्रदेश भर का कर्मचारी रोष में है प्रदेश भर के कर्मचारियों के रोष को देखते हुए संगठन द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ बनवारी लाल के बावल आवास का घेराव दिनांक 18/10/2023 को किया जाएगा। घेराव करने के लिए प्रदेश भर से हजारों-हजारों की संख्या में कर्मचारी पहुंचेगा व विरोध प्रदर्शन करते हुए कर्मचारियों की जायज मांगों का ज्ञापन जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ बनवारी लाल को सोंपा जाएगा।

# उपायुक्त ने किसानों से फसल अवशेष न जलाने का किया आह्वान

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत,** उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने जिला के किसानों का आह्वान किया कि वे धान फसल के अवशेषों का न जलाएं बल्कि उनका कृषि यंत्रों द्वारा उनका प्रबंधन कर सरकार सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही फसल अवशेष प्रबंधन योजना का पूर्ण लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि किसान कृषि यंत्रों से धान फसल के अवशेषों को मिट्टी में मिलाकर भूमि की उपजाऊ शक्ति बढ़ा सकते हैं या स्ट्रा बेलर मशीन से पराली की गांठ बनाकर सरकार द्वारा दी जा रही एक हजार रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि प्राप्त कर सकते हैं। फसल अवशेष प्रबंधन की नीति अपनाकर किसान अधिक लाभ उठा सकते हैंद्ध उपायुक्त ने कहा कि सरकार द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन की महत्वपूर्ण योजना क्रियान्वित की जा रही हैं, जिसके तहत किसानों को फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत किसानों को कृषि यंत्रों सुपर सीडर, जीरो टिलेज मशीन, स्ट्रा चोपर, हैपी सीडर एवं रिवर्सिबल प्लो अनुदान पर दिये जाते है। किसान इन कृषि यंत्रों का प्रयोग करके धान फसल अवशेषों को मिट्टी में मिलाकर जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ा सकते हैं या स्ट्रा बेलर मशीन से पराली की गांठे बनाकर सरकार द्वारा दी जा रही एक हजार रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि का लाभ उठा सकते हैं।

# राजकीय विद्यालय मांडोला में मनाया राष्ट्रीय पोषण माह

**शिविर**

**8 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत एक जागरूक शिविर का आयोजन किया**



**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौतना**
**महेन्द्रगढ़** । उप मंडल के गांव मांडोला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत एक जागरूक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में विधालय के प्राचार्य जिले सिंह ने भाग लिया व कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य केंद्र मांडोला की स्वास्थ्य कर्मी पिंकी देवी ने की।इस अवसर पर स्वास्थ्य कर्मी पिंकी देवी ने विधार्थियो को जागरूक करते हुए कहा की उचित खान -पान के अभाव में बच्चों में खून की कमी हो जाती है जिसके कारण बच्चे अनीमिया के शिकार हो जाते है। उन्होंने कहा की अनीमिया से बचाव के लिये संतुलित आहार लेना चाहिये जिसमे हरी पत्तेदार सब्जियां, दालें,फल आदी का सेवन करना चाहिये। स्कूल मुखिया जिले सिंह ने मोटे अनाज बाजरा, ग्वार, मक्का, जो आदी पर प्रकाश डालते हुए कहा की मोटा अनाज पोषक तत्वों से भरपूर होता है जिसमे आयरन, कैल्शियम, मगनीसियम आदी पोषक तत्व होते है जो की मानव शरीर की वृद्धि के लिये उत्तम है।डीपीई कृष्ण कुमार व प्रवक्ता सुकेश देवी ने बच्चों को साल में दो बार कृमी रोधी गोली अलबेण्डाजॉल लेने की सलाह दी ताकी ताकी उनके पेट में कृमी संक्रमण ना हो सके। उन्होंने अनीमिया से बचाव के लिये आयरन की गोलिया लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा की अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिये प्रतिदिन व्यायाम और योग करना चाहिये ताकी हम अनेक बीमारियों से बच सकें।

# भगवान राम का चरित्र पूरे संसार के लिए प्रेरणादायकः संदीप गर्ग



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक)** शहर की मंचीय संस्था श्री राम हनुमान रामलीला समिति द्वारा 11 अक्तूबर से रामलीला शुरू की जाएगी।समिति के सचिव हेमंत सैनी ने बताया कि समिति के सरंक्षक संदीप गर्ग की अध्यक्षता में एक बैठक उनके कार्यालय पर की गई। जिसमें प्रभु श्रीराम की लीला का मंचन 11 अक्तूबर से शुरू करने का निर्णय लिया गया जो हर वर्ष की भांति ठाकुरी देवी स्कूल के बाहर रामलीला ग्राउंड में की जाएगी। समिति के प्रधान राजेश वर्मा ने कहा कि इस बार राम जन्म से पहले नारद मोह व श्रवण कुमार पर आधारित मंचन भी क्षेत्र के लोगों को दिखाया जाएगा। जिससे उन्हें प्रभु राम के जन्म का कारण व उद्देश्य के बारे में भी जानकारी हो सके। उनके अनुसार 11 अक्तूबर को नारद मोह, 12 को श्रवण कुमार, 13 को राम जन्म, 14 को सीता स्वयंवर, 15 को राम बनवास, 16 को दशरथ मरण, 17 को भरत मिलाप, 18 को सीता हरण, 19 को बाली वध, 20 को लंका दहन, 21 को रावण अंगद संवाद, 22 को लक्ष्मण मूर्छा, 23 को राम रावण युद्ध, 25 को वीर अभिमन्यु ड्रामा व 26 अक्तूबर को भगवान राम का राजतिलक किया जाएगा। जिसके लिए उन्होंने क्षेत्रवासियों को आमंत्रित किया। वहीं समिति के सरंक्षक एवं नेता संदीप गर्ग ने कहा कि भगवान राम का चरित्र पुरे समाज के लिए न केवल प्रेरणादायक है। बल्कि किसी भी इंसान को उसूलों और मूल्यों पर चल कर संसार में आगे बढ़ना और रिश्तों को कायम रखना सिखाता है। इसलिए ऐसे चरित्र का मंचन करना और विशेष रूप से बच्चों व युवा पीढ़ी को उनके बारे में बताना व दिखाना सौभाग्य का विषय है। घनश्याम काम्बोज, राजेश वर्मा, देवराज, विपिन शर्मा, नरेश गर्ग आदि मौजूद थे।

# स्वामित्व योजना के साथ गिरदावरी और मुआवजा वितरण कार्य की समीक्षा की



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
हरियाणा के वित्तायुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से उपायुक्तों की बैठक लेते हुए स्वामित्व योजना के साथ गिरदावरी और मुआवजा वितरण कार्य की विस्तृत समीक्षा की। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने सभी निदेर्शों की पूर्ण अनुपालना का भरोसा देते हुए कहा कि समयबद्धता के साथ सभी कार्यों को पूरा करवाया जाएगा।
वित्तायुक्त हरियाणा की विडियो कान्फ्रेंस के उपरांत उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक लेते हुए जिला स्तर पर योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने स्वामित्व योजना की गंभीरता से समीक्षा करते हुए गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रोपर्टी कार्ड छपवाकर ग्राम सचिव हस्ताक्षर करके तहसील में प्रेषित करें। ऐसे करीब ढ़ाई लाख प्रोपर्टी कार्ड हैं, जिन्हें दस दिनों के भीतर प्रेषित करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों को निर्देश दिए कि वे प्रोपर्टी कार्ड प्राप्त होने के उपरांत संबंधित पोर्टल पर प्रोविजनल प्रोपर्टी कार्ड अपलोड करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने डीडीपीओ के साथ सभी बीडीपीओ तथा ग्राम सचिवों को निर्देश दिए कि वे परिवार पहचान पत्रों के साथ प्रोपर्टी मालिकों की मैपिंग करवायें। पंचायती भूमि तथा सरकारी प्रोपर्टी की भी मैपिंग करने के साथ अपलोड किया जाएगा। उपायुक्त ने गिरदावरी के संदर्भ में जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह कार्य पूर्ण ईमानदारी व कर्मठता के साथ किया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने मुआवजा वितरण के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फसल खराबा का विशेष ध्यान रखा जाए। ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर इसकी जानकारी अवश्य दर्ज की गई हो। फसलों के साथ मकान इत्यादि क्षति का भी रिकॉर्ड दर्ज किया जाए। बैठक में जिला राजस्व अधिकारी हरिओम अत्री, तहसीलदार जिवेंद्र मलिक, सदर कानूनगो देवेंद्र सिंह, सतीश आदि मौजूद थे।

# जिले में की जा चुकी 24 हजार 295 मिट्रिक टन धान की खरीद

**सोनीपतः उपायुक्त** डॉ० मनोज कुमार ने कहा कि खरीफ सीजन के अंतर्गत जिला में धान और बाजरा की आवक के साथ ही सुचारू रूप से इनकी खरीद की जा रही है।
सोनीपत जिला में 05 अक्टूबर सायं तक 24 हजार 295 मिट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। इनमें ग्रेड-ए 1249 मिट्रिक टन, पीआर कॉमन धान 91 मिट्रिक टन तथा 1509 किस्म 22 हजार 955 मिट्रिक टन शामिल है।

# गांव बजाना कलां में किया गया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन : डॉ अंकिता अंकुश

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
गांव बजाना कलां में जिला आयुष विभाग सोनीपत की और से डॉ सतपाल के निर्देशन में डॉ अंकिता और फार्मासिस्ट धर्मेंद्र जी द्वारा आयुर्वेदिक औषधालय बजाना खुर्द ओर से लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में लोगों को निःशुल्क औषधियां वितरित की गई। डॉ अंकिता जी और धर्मेंद्र जी ने खुजली, एलर्जी, उदर रोगी, मधुमेह रोगी, अम्लपित, दमा, वात रोग और महिला रोग, खून की कमी आदि रोगों की दवाइयों का वितरण किया। वहीं पर डॉ अंकिता जी ने योग एवं आयुर्वेद को अपनाने की सलाह दी। योगाभ्यास से हमारा शरीर रोगों से बचा रहता है, योग करने से रोग- प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। शिविर में योग सहायक जीत राम और प्रवीन देवी ने यौगिक क्रियाएं करते हुए बताया कि शरीर और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में ताड़ासन, भुजंगासन, शलभासन, पवनमुक्तासन, ताड़ासन, त्रिकोणासन और भस्त्रिका, अनुलोमझ्रविलोम, भ्रामरी आदि को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है। प्राणायाम स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं। शिविर का उद्देश्य योग और आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

# पौधारोपण कर किया पर्यावरण के प्रति जागरुक

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना महेन्द्रगढ़**
**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाढोत में स्वच्छता ही सेवा स्वच्छ भारत मिशन एवं संपूर्ण स्वच्छता पखवाड़े कार्यक्रम के तहत मुख्य अतिथि के मुख्य अतिथि के रूप में संदीप मालड़ा सुंडाराम ट्रस्ट के प्रधान एवं लोकसभा विकास एवं निगरानी समिति सदस्य एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अजीत सिंह यादव ने विद्यालय में पौधारोपण करके लोगों को किया उप मंडल कोऑर्डिनेटर राजेश शर्मा झाड़ली के नेतृत्व में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सूचना ,शिक्षा ,और प्रसारण संबंधी प्रेरणा देकर सिंगल सूज प्लास्टिक से बचने का आह्वान किया।

# तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगीः अमित बिंदल



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
अग्रोहा सोसायटी सेक्टर 12 सोनीपत मे प्रदेश भाजपा नेता अमित बिंदल का स्वागत जगमोहन जैन एवं उनकी टीम के द्वारा किया गया सभी ने अपना प्यार एवं आशीर्वाद दिया। भारतीय जनता पार्टी के नेता बिंदल ने सभी गणमान्य व्यक्तियों को मोदी की नीतियों से अवगत कराया और सभी ने मोदी जी की नीतियों का स्वागत करते हुए भाजपा में अपनी आस्था जताई और विश्वास दिलाया एक बार फिर से 2024 में हम सब मिलकर के कमल खिलाएंगे। भाजपा नेता अमित बिंदल ने बताया की आपके प्यार और आशीर्वाद का जो कर्ज.है इस कर्ज को समय आने पर ब्याज समेत लौटने का काम करूंगा। इस मौके पर जगमोहन जैन, राकेश गुप्ता,अरुण गुप्ता, राम मनचंदा, प्रमोद गुप्ता, योगेश मित्तल आदि सभी शामिल रहे।

# जन सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट ने आइडियल टीचर अवार्ड से सम्मानित किया

## डॉक्टर सुरेन्द्र रोहिला विद्यालय सनपेडा में पहुंचने पर स्कूल स्टाफ व सरपंच ने स्वागत किया

**सम्मान**

**8 शिक्षा सामाजिक व पर्यावरण सम्बन्ध मे उनके द्वारा गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**अन्तराष्ट्रीय** शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 अक्टूबर 2023 को सारथी जन सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आइडियल टीचर अवार्ड से सम्मानित हुए। डॉक्टर सुरेन्द्र रोहिला प्रिंसिपल सनपेडा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सनपेडा में पहुंचने पर स्कूल स्टाफ व सरपंच प्रमोद ढाका ग्राम पंचायत सनपेडा द्वारा स्वागत किया गया। डा० सुरेन्द्र रोहिल्ला का लिटिल एंजेल स्कूल सोनीपत मे आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हे यह सम्मान दीनबंधु छोटू राम विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रोफेसर एस पी सिंह द्वारा प्रदान किया गया। उन्हें शिक्षा सामाजिक व पर्यावरण सम्बन्ध मे उनके द्वारा गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया गया । इसके अलावा डॉक्टर जितेंद्र कुमार जिला स्तर पर सरकारी और गैर सरकारी माध्यमों से उनके द्वारा किए गए शैक्षिक व सामाजिक कार्यों के लिए कई बार सम्मानित किया जा चुका है। प्राचार्य डॉ सुरेंद्र रोहिल्ला को स्कूल में किए गए शानदार बदलाव के कारणव उनकी सकारात्मक सोच के कारण उन्हें यह सामान दिया गया। स्कूल में प्राध्यापक डा० जितेन्द कुमार राजेश कटारिया जी संजय वर्षा रेनू सुशील ममता यशपाल सत्यपाल की आदि सभी स्टाफ सदस्यउनके स्वागत में मौजूद रहे।

# जेसीआई टीम द्वारा 'स्पिरिचुअल ब्लिस' हैप्पीनेस प्रोग्राम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** जेसीआई अम्बाला की महिला टीम "संयुक्त" द्वारा पावर योगा कम हैप्पीनैस प्रोग्राम "स्पिरिचुअल ब्लिस" का आयोजन किया गया। यह आयोजन जमुना ज्वारा मंदिर में किया गया। इस प्रोग्राम में योगा करवाई गई तथा योगा द्वारा हम खुद को कैसे सकारात्मक, सेहतमंद एवम खुश रख सकते हैं यह बताया गया। इस प्रोग्राम के ट्रेनर पूनम सांगवान रही जिन्होनें यह भी बताया कि हमें किस तरह का भोजन करना चाहिए तथा किस समय करना चाहिए जिस से हमें भोजन का सारा पोषण मिल सके। इस प्रोग्राम की प्रोजेक्ट डायरेक्टर जेसरेट रिम्पी गुप्ता एवम जेसरेट प्रियंका गुप्ता रही। इस दौरान जेसीआई अम्बाला महिला टीम चेयरपरसन जेसी किट्टी गुप्ता, क्रिएटिव हैड जेसरेट अश्मिता मित्तल, पीआरओ जेसरेट आँचल अग्रवाल, फर्सट लेडी जेसी रीया अग्रवाल, पूर्व चेयरपरसन जेसरेट निधी जैन, जेसरेट निशी जैन, जेसलेट काजल मित्तल, जेसीआई अम्बाला के प्रधान जेसी लक्षित अग्रवाल, आईपीपी जेसी शशांक अग्रवाल, जेसी गौरव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### आईसीआईसीआई बैंक ने आकर्षक ऑफर, छूट और कैशबैक के साथ लॉन्च किया फेस्टिव बोनांजा

**फरीदाबाद ।** आईसीआईसीआई बैंक ने आज त्योहारी सीजन की शुरुआत में अपने ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर्स, छूट और 26,000 रुपये तक के कैशबैक के साथ फेस्टिव बोनांजा को लॉन्च करने की घोषणा की। ग्राहक आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट/डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, रूपे क्रेडिट कार्ड के माध्यम से यूपीआई और कार्डलेस ईएमआई का उपयोग करके अपने पसंदीदा ब्रांडों से विभिन्न वस्तुओं को खरीदकर इन ऑफर्स का फायदा उठा सकते हैं। ये ऑफर ग्राहकों के लिए बैंक के क्रेडिट/डेबिट कार्ड का उपयोग करके नो-कॉस्ट ईएमआई के रूप में भी उपलब्ध हैं। बैंक के फेस्टिव बोनांजा के साथ जुड़े प्रमुख ब्रांडों में शामिल हैं- मेकमाईट्रिप, टाटा न्यू, वनप्लस, एचपी, माइक्रोसॉफ्ट, क्रोमा, रिलायंस डिजिटल, एलजी, सोनी, सैमसंग, तनिष्क, ताज, स्विगी और जोमैटो। बैंक ने द बिग बिलियन डेज सेल (8 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक) के लिए फ्लिपकार्ट, बिग फैशन फेस्टिवल (६ अक्टूबर से १९ अक्टूबर तक) के लिए मिंत्रा और ग्रेट इंडियन फेस्टिवल सेल (अक्टूबर के आखिरी हफ्ते के आसपास) के लिए अमेजन के साथ साझेदारी की है। फेस्टिव बोनांजा की लॉन्चिंग पर बोलते हुए, आईसीआईसीआई बैंक के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री राकेश झा ने कहा, इस बार फेस्टिव बोनांजा में हमारे ग्राहकों के लिए ऑफर, छूट और कैशबैक की एक व्यापक रेंज शामिल है। बैंक ने आकर्षक ऑफर पेश करने के लिए अग्रणी ब्रांडों और ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों के साथ साझेदारी की है। ये ऐसे ब्रांड हैं, जो हमारे ग्राहकों के लिए बहुत महत्व रखते हैं। ग्राहक आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट/डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, आईसीआईसीआई बैंक रुपे क्रेडिट कार्ड के साथ यूपीआई लेनदेन और कार्डलेस ईएमआई का उपयोग करके इन ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा, बैंक अपने उत्पादों - होम लोन, ऑटो लोन और टू-व्हीलर लोन पर विशेष त्योहारी ऑफर भी पेश करेगा।

### पाम ऑयल जागरूकता प्रोग्राम आयोजित किया गया



**नई दिल्ली।** पाम ऑयल उद्योग अपने पर्याप्त आर्थिक प्रभाव और सामर्थ्य के कारण लंबे समय से वैश्विक व्यापार की आधारशिला के रूप में खड़ा है। उपभोक्ताओं को पाम ऑयल के वास्तविक लाभों के बारे में शिक्षित करने के प्रयास में, मलेशियाई पाम ऑयल काउंसिल (एमपीओसी) ने हाल ही में भारत के कोलकाता में फोरम कोर्टयार्ड मॉल में एक उपभोक्ता जागरूकता पहल आयोजित की।पाम ऑयल के बारे में गलत धारणाओं ने इसके कई पोषण संबंधी लाभों को धूमिल कर दिया है, जिससे उपभोक्ता स्वस्थ और संतुलित आहार बनाए रखने में इसकी भूमिका से अनजान हो गए हैं। प्रोफेसर पुबाली धर, कलकत्ता विश्वविद्यालय ने इस बात पर जोर दिया कि पाम ऑयल, अन्य सभी ऑयल की तरह, संतुलित आहार का एक स्वस्थ घटक है। इसके अतिरिक्त, पाम ऑयल और उसका अंश, पाम ओलीन खाना पकाने के लिए उपयोग किए जाने वाले अन्य आम तौर पर उपभोग किए जाने वाले खाद्य तेलों और वसा के साथ समान पाचनशक्ति वाले गुण साझा करते हैं।'कोडेक्स एलिमेंटेरियस इंटरनेशनल फूड स्टैंडर्ड्स द्वारा उद्धृत, पाम ऑयल और इसके अंशों (पाम ओलीन और स्टीयरिन) को मानव उपभोग के लिए उपयुक्त खाद्य तेल/वसा के रूप में मान्यता दी गई है। विशेषज्ञों के अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने पाम ऑयल की सुरक्षा की जोरदार पुष्टि की है और इसके उपभोग से जुड़ी निराधार आशंकाओं को दूर किया है। रक्त लिपिड और लिपोप्रोटीन पर इसके प्रभाव को व्यापक रूप से समझने के लिए दुनिया भर में पाम ऑयल पर 165 से अधिक पोषण संबंधी अध्ययन किए गए हैं।

### जॉनसन एंड जॉनसन विजन ने रणवीर सिंह को अपने कैंपेन का हिस्सा बनाया

**नई दिल्ली।** जॉनसन एंड जॉनसन विजन, नेत्र स्वास्थ्य में वैश्विक लीडर और जॉनसन एंड जॉनसन मेडटेक का हिस्सा, ने आज घोषणा की कि उसने नई पीढ़ी और मिलेनियल्स को कॉन्टैक्ट लेंस आजमाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सुपरस्टार रणवीर सिंह के साथ हाथ मिलाया है। इस कैंपेन का उद्देश्य आंखों के स्वास्थ्य के लिए जागरूकता पैदा करना और नए कॉन्टैक्ट लेंस पहनने वालों का स्वागत करने के एक्यूव्यू के मिशन को बढ़ाना है। उपभोक्ता अक्सर किसी विशेषज्ञ से सलाह लेने के बजाय कॉन्टैक्ट लेंस के बारे में सलाह के लिए अपने साथियों के पास जाते हैं। यह कैंपेन उपभोक्ताओं को एक ऑप्टोमेट्रिस्ट से परामर्श लेने के लिए प्रेरित करने का एक प्रयास है, जो कॉन्टैक्ट लेंस के बारे में जानकारी के लिए उनका पहला माध्यम होना चाहिए और साथ ही हल्के-फुल्के और सार्थक तरीके से आंखों के स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता फैलाना चाहिए। रणवीर सिंह के इस कैंपेन का नेतृत्व करने के साथ, हम भारत में युवाओं के साथ एक मजबूत, प्रतिबद्ध और आकर्षक जुड़ाव बनाने की उम्मीद करते हैं।

# 'हर हाल में जिले में रोकें पराली जलाना'

## पराली आगजनी की चार घटनाओं को लेकर एफआईआर दर्ज करवाने के दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत, कमाल हुसैन**

**जिला में** पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने को लेकर डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया ने शुक्रवार को कृषि विभाग के साथ-साथ राजस्व विभाग के तहसीलदारों की जिम्मेदारी भी तय करते हुए आगजनी की घटनाओं को लेकर एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दिए हैं। यही नहीं उन्होंने इन अधिकारियों के साथ सम्बंधित एसएचओ की ओर से भेजे गए पुलिसकर्मी भी साथ में पेट्रोलिंग करेंगे।



लघु सचिवालय में बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि शनिवार व रविवार को सभी राजस्व व कृषि विभाग के अधिकारी अलर्ट मोड पर रहें। कोई भी अधिकारी बगैर अनुमति के जिला मुख्यालय ना छोड़े। पराली जलाने की घटनाओं को लेकर सरकार सख्त है। यदि जिला में किसी किसान के खेत में पराली जलाने की घटना घटित हुई तो उसके विरूद्ध तुरन्त प्रभाव से एफआईआर दर्ज करवाएं। उन्होंने सभी बीडीपीओ से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्र में मुनादी करवाएं। सभी नोडल अधिकारी पटवारी और ग्राम सचिवों की बैठक लेकर उसमें योजनाबद्ध तरीके से काम करें। डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि जिला में फसल अवशेष व धान की पराली जलाने को लेकर धारा 144 भी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि फसलों की कटाई के बाद बचे हुए अवशेष को जलाने से वातावरण खराब हो रहा है। जिससे आमजन के स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ रहा है। नैशनल ग्रीन ट्रीब्यूनल के आदेशानुसार धान के अवशेष जलाने पर जुमार्ने का भी प्रावधान किया गया है। डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को स्पष्टद्द तौर पर कहा कि वे पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए फौरी तौर पर काम करें। किसानों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करें। सभी अधिकारी अपनी पेट्रोलिंग को मजबूत कर लगातार गस्त करें। इस मौके पर एसडीएम पानीपत मनदीप कुमार, एसडीएम समालखा अमित कुमार, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक आदित्य डबास सहित सम्बंधित तहसीलदार एवं कृषि विभाग के अधिकारी व मार्केट कमेटी के सचिव भी उपस्थित रहे।

**निर्देश**

8 तहसीलदारों की जिम्मेदारी भी तय करते हुए आगजनी की घटनाओं को लेकर एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दिए

## हमें सिर्फ आतंकवाद ही नहीं बल्कि इसके पूरे इकोसिस्टम को ध्वस्त करना है: अमित शाह

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला**

**केंद्रीय गृह** एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय जाँच एजेंसी द्वारा आयोजित दो दिवसीय आतंकवाद-निरोधी (एंटी टेरर) सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस मौके पर अपने संबोधन में शाह ने स्पष्ट किया कि, ह्यहमें सिर्फ आतंकवाद ही नहीं बल्कि इसके पूरे इकोसिस्टम को ध्वस्त करना है ह्व बीते 9 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में क्रिप्टो करेंसी, क्राउडफंडिंग, हवाला, टेरर-फंडिंग, संगठित क्राइम सिंडिकेट्स और नार्को-टेरर जैसी चुनौतियों पर सख़्त कदम उठाने का बेहतर परिणाम आज अमृतकाल में दिख रहा है। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत जबरदस्त काम हुआ है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई किसी एक के वश की बात नहीं है। यही वजह है कि आज अमित शाह की नीतियों के तहत केंद्र और राज्यों, उनकी सुरक्षा एजेंसियों और यहाँ तक कि अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के साथ तालमेल बनाकर आतंकवाद से निपटने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। शाह की रणनीतियों के तहत एनआईए, एटीएस और एसटीएफ का काम अब केवल जाँच तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि वे लीक से हटकर आतंकवाद पर करारा प्रहार कर रहे हैं।

## वैज्ञानिक मेघनाथ साहा जयंती, खिलाड़ी जीवन डी घोष का जन्मदिवस मनाया



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**आर्य** बाल भारती पब्लिक स्कूल में विश्व मुस्कान दिवस और महान वैज्ञानिक मेघनाथ साहा जयंती, महान खिलाड़ी जीवन डी घोष का जन्म दिवस मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य रहे और विशिष्ट अतिथि कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक व प्रबंधक रामपाल जागलान रहे है। अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान मलिक ने की और उप प्राचार्य आचार्य राजकुमार शर्मा ने विशेष सहयोग किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रतिभाशाली नन्हें मुन्नें छात्रों को भी सम्मानित किया गय। प्रधान रणदीप आर्य ने कहा कि बच्चे भगवान का रूप होते हैं। बच्चे मन के सच्चे होते हैं। जिन घरों में बच्चों की हंसी की किलकारियां लगती हैं उन घरों में अदभूत आनन्द का वातावरण स्वतः ही बन जाता है। उन्होंने कहा कि संसार में जो व्यक्ति मिलनसार और हंसमुख स्वभाव के होते हैं।

## मिंत्रा बिग फैशन फेस्टिवल की 7 अक्टूबर से शुरूआत

**नई दिल्ली:** मिंत्रा ने अपने सबसे बड़े फेस्टिव फैशन महोत्सव, बिग फैशन फेस्टिवल की घोषणा कर दी है। मिंत्रा के बीएफएफ के इस चौथे संस्करण में फैशन, ब्यूटी, और लाइफस्टाइल के 6000 से ज्यादा ब्रांडों के 23 लाख से अधिक स्टाइल मिलेंगे। इस फैशन कार्निवल में 80 लाख से ज्यादा ग्राहकों द्वारा खरीददारी किए जाने का अनुमान है। प्लेटफॉर्म का यह प्रमुख वार्षिक फेस्टिव शॉपिंग बोनांजा 7 अक्टूबर से शुरू होगा। इस महोत्सव में गैर-मेट्रो शहरों के ग्राहकों के पसंदीदा ब्रांडों के 5 लाख से ज्यादा नये स्टाइल एकत्रित किए गये हैं। इस अवधि में बढ़ने वाले यातायात और प्लेटफॉर्म पर आने वाले हर खरीददार के लिए शॉपिंग का सुगम व आसान अनुभव सुनिश्चित करने के लिए मिंत्रा ने अपने सिस्टम को एक साथ 10 लाख ग्राहकों को संभालने के लिए तैयार कर लिया है। इस साल इस प्लेटफॉर्म पर शो-स्टॉपर्स, बीएफएफ स्पेशल और रिवाड्र्स जैसी फेस्टिव-सेंटर्ड कैटेगरीज भी उपलब्ध होंगी।

## 50000 जुर्माना की राशि हुडा विभाग ने लीगल सेल में जमा करवाया

### याचिका करता जोगेंद्र स्वामी ने कहा बैंक्वेट हॉल पूरी तरह अवैध, अगर कोई हादसा हुआ तो जा सकती है सैकड़ों लोगों की जान

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत ,कमाल हुसैन**

**पंजाब** एवं हरियाणा हाई कोर्ट में एंजेल प्राइम मॉल में अवैध तरीके से चल रहे बैंक्विट हॉल के मामले में हुडा विभाग द्वारा न्यायालय को गुमराह करने पर पिछली तारीख पर हुडा विभाग पर किए गए 50000 जुर्माना की राशि हुडा विभाग ने पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट लीगल सेल में डीडी जमा करवाया गया। और उच्च न्यायालय को भरोसा दिलवाते हुए कहा गया कि विभाग एंक्रोचमेंट के मामले में अपनी कार्रवाई कर रहा है और 6 सप्ताह के अंदर अवैध निमार्णों को हटाकर न्यायालय में स्टेटस रिपोर्ट पेश कर देंगे जिस पर हाई कोर्ट द्वारा आगामी तारीख 7 दिसंबर रखी गई। इस मामले में याचिका करता जोगेंद्र स्वामी ने कहा कि हुड्डा विभाग के अधिकारी पूरी तरीके से अवैध गतिविधियां चला रहे लोगों के साथ मिले हुए हैं और अब भी दलालों के माध्यम से मामले को लंबा लटकाने की फिराक में है उन्होंने कहा कि अगर विश्व पटल पर देखें तो शादी समारोह में आगजनी के इतने मामले आते हैं जिसमें सैकड़ो लोगों की आगजनी में झुलसकर दर्दनाक मौत हो रहे हैं लेकिन हमारा जिला प्रशासन और हुडा विभाग मामला हाई कोर्ट में पहुंचने के बाद भी गंभीर नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि पार्किंग की जगह पर अवैध तरीके से बैंकट हॉल बनाना और वह भी उस जगह जिसमें केवल एक ही रास्ता है अगर यहां को दुर्घटना होती है तो सैकड़ो लोगों की जिंदगी दांव पर लग जाएगी। तब यह जिम्मेदारी किसकी बनेगी यह निर्धारित होना चाहिए उन्होंने कहा कि उनके द्वारा 5 साल से उच्च न्यायालय में यह कैस लड़ा जा रहा है और उससे पहले शासन प्रशासन के सामने प्रदर्शन और शिकायतें भेजी जाती रही।

# स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत भारतीय योग संस्थान द्वारा योगाश्रम में किया योग साधना, सफाई और पौधारोपण

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**

**स्वच्छता** पखवाड़े के अंतर्गत भारतीय योग संस्थान (पंजीकृत) की हरियाणा प्रांत इकाई की कुरुक्षेत्र जिला इकाई के अंतर्गत आज कृष्ण एवं अर्जुन योग जिलों के अधिकारियों, कार्यकताओं व साधक-साधिकाओं द्वारा योग आश्रम मिजार्पुर में प्रातः काल योग साधना की गई । कृष्ण योग जिला के पूर्व मंत्री हेम सिंह राणा ने सूक्ष्म क्रियाएं, ओम ध्वनि व गायत्री मंत्र का अभ्यास करवाया । प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार



ग्रोवर ने ठहराव के साथ दो बार सूर्य नमस्कार अभ्यास करवा कर शवासन करवाया । प्रांतीय प्रधान ओम प्रकाश ने योग मुद्रा आसन व गहरे लंबे श्वास का अभ्यास करवा कर सुंदर ध्यान साधना करवाई । उन्होंने ही ओम ध्वनि, वैदिक प्रार्थना व शांति पाठ करवाया । योगाभ्यास के पश्चात सभी अधिकारियों, कार्यकताओं व साधक-साधिकाओं ने झाड़ू व अन्य स्वच्छता सामग्री द्वारा योग आश्रम मिजार्पुर के बरामदों में लगे जाले उतारे व सफाई का कार्य किया । स्वच्छता कार्य के बाद साधक-साधिकाओं ने योगाश्रम में पौधे लगाकर पर्यावरण के प्रति अपने दायित्व का निर्वाह किया । सभी साधक-साधिकाओं ने आज के कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया तथा आगे भी लगातार दो दिन तक योगाश्रम में योग साधना व स्वच्छता अभियान जारी रखने का संकल्प लिया । आज के अभियान में प्रांतीय मंत्री मानसिंह, जिला प्रधान देवी दयाल सैनी व मनीराम सैनी, सुशीला, जिला मंत्री चौधरी मांगेराम, जोन प्रधान मिथिलेश चौधरी व सविता बठला, जोन मंत्री पुष्पा गुप्ता के अतिरिक्त सतपाल सिंह, तारा राम, जय भगवान, संतराम सैनी, निर्मल शर्मा, नेहा, मीनू, गुन्नु, जयपाल ठाकुर इत्यादि उपस्थित थे ।

## दिहाड़ी मजदूरों के परिजनों को जरूरी सामान वितरित कर मनाया जन्मदिन



**गन्नौरः नगर पालिका** रोड स्थित समाजसेवी हरीश वधवा कार्यालय में लायंस क्लब गनौर गौरव द्वारा क्लब पूर्व अध्यक्षा शालू वाधवा के जन्मदिवस के अवसर पर 30 दिहाड़ीदार मजदूरों को तोलिए, ठंडा पानी रखने की बोतले और मिठाई वितरित की गई। शालू वाधवा द्वारा अपने जन्मदिन पर किए गए कार्य की द्वारा किए गए कार्य की क्लब की अध्यक्षता चारु चांदना ने शरण करते हुए कहा कि आधुनिकता के युग में लोग अपने जन्मदिन को होटल व अन्य स्थानों पर जाकर मानते हैं । पूर्व प्रधान शालू ने अपने जन्मदिन को दिहाड़ी मजदूरी करने वाले परिवारों को सामान वितरण कर मनाने की प्रक्रिया की सराहना करते हुए कहा कि जिसमें दूसरों का भी भला हो उससे अच्छा जन्मदिन मनाने में और क्या खुशियां मिलेंगी । क्लब की पदाधिकारी डिंपी मल्होत्रा ने उनके द्वारा किए गए कार्य की सराहना करते हुए क्लब की अन्य महिला पदाधिकारी व सदस्यों से भी अपना जन्मदिन इसी तरह से मनाने की अपील की। इस मौके पर अध्यक्षा चारु चांदना, सचिव भावना जगया, समाजसेवी हरीश वाधवा, मीनू हांडा,डिंपी मल्होत्रा , नीरज जगया,रेशल वाधवा, शालू राय और अन्य सदस्य उपस्थित थे ।

## इंटरनेशनल जिंक एसोसिएशन ने ग्लोबल माइक्रोन्यूट्रिएंट समिट की मेजबानी की

**टीम एक्शन इंडिया/गुड़गांव**

**इंटरनेशनल** जिंक एसोसिएशन ने फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सहयोग से आज होटल द लीला पैलेस, नई दिल्ली, भारत में ग्लोबल माइक्रोन्यूट्रिएंट शिखर सम्मेलन के दूसरे संस्करण की शुरूआत की। इस शिखर सम्मेलन का उद्घाटन आईजेडए के चेयरमेन और हिंदुस्तान जिंक के सीईओ अरुण मिश्रा ने किया। द फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के डायरेक्टर जनरल अरविंद चैधरी और रियो टिंटो के कंट्री हेड इंडिया विक्रम मर्चेंट इसमें विशेष अतिथि थे। मिट्टी, फसलों और मानव स्वास्थ्य में माइक्रोन्यूट्रिएंट की कमी के महत्वपूर्ण मुद्दे को संबोधित करने के लिए अन्य प्रमुख विशेषज्ञों, नीति निमार्ताओं और उद्योग जगत के जुड़े मनोभावों के साथ दिल्ली सर्कल की भारतीय डाक विभाग की चीफ पोस्टमास्टर जनरल मंजू कुमार, केपीएमजी इन इंडिया, हैदराबाद के पार्टनर कुचिभोटला श्रीनिवास; और इंटरनेशनल जिंक एसोसिएशन के डायरेक्टर साउथ एशिया डॉ. सौमित्रा दास उपस्थित थे।

## 'भ्रष्टाचार को किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा'

### मुख्यमंत्री परिवार उत्थान योजना लेकर दिए जा रहे ऋण को लेकर उपायुक्त ने की बैंकर्स से समीक्षा बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**मुख्यमंत्री अंत्योदय** परिवार उत्थान योजना के तहत गरीबों को ऋण उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। बड़े स्तर पर जिले में उन गरीबों को ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है जिन्होंने विभिन्न बैंकों में आवेदन किया हुआ है। यह बात उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने शुक्रवार को जिला सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित सभागार में जिला के बैंकरों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए कही। उपायुक्त ने बैठक में बैंकर्स को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि वे जिले में ऋण वितरण संबंधी पैंडेसी जीरो चाहते हैं। उपायुक्त ने सभी बैंकर्स को बुधवार तक अपनी स्थिति स्पष्टद्द करने के भी निर्देश दिए। उपायुक्त ने बैंकर्स को निर्देश दिए कि वे इस कार्य में पारदर्शिता चाहते हैं। किसी भी प्रकार की भ्रष्टाचार संबंधी शिकायत पर तुरंत कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बैंकर्स से यह भी जानकारी हासिल की कि जिन उपभोक्ताओं के ऋण स्वीकृत हो चुके हैं परंतु बाटे नहीं गए इसके पीछे क्या कारण रहा है। उपायुक्त ने बैंकर्स को निर्देश देते हुए कहा कि वे निर्धारित समय पर ऋण संबंधी कार्य को पूर्ण करें। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें। उनके द्वारा समय अवधि में किया गया कार्य किसी जरूरतमंद के लिए मददगार साबित हो सकता है। उपायुक्त ने कहा कि उपभोक्ताओं को ऋण संबंधी हार्ड कॉपी कार्यालय में भी जमा करानी होगी।

उपायुक्त ने बैठक में विभिन्न बैंकों से आए प्रतिनिधियों से मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत स्वीकृत ऋण के वितरण के बारे में जानकारी ली व देरी होने के कारणों के बारे में पूछा।

**प्राथमिकता**

8 मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत गरीबों को ऋण उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता

# मेले में 120 लोगों ने किया विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना महेन्द्रगढ़**

**आमजन को** सरकार की योजनाओं का लाभ देने के लिए आज जिला कल्याण कार्यालय की ओर से खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय सतनाली के सामुदायिक केंद्र में कैंप का आयोजन किया गया।

मेले में 15 विभागों से संबंधित योजनाओं का लाभ लेने के लिए 120 लोगों के आवश्यक दस्तावेज के लिए कार्यवाही की गई।

यह जानकारी देते हुए जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय के सहायक अनुसंधान अधिकारी धर्मेंद्र ने बताया कि आमजन को सरकार की योजनाओं का लाभ



देने के लिए समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर ऐसे कैंपों व मेलों का आयोजन किया जाता रहता है ताकि अधिक से अधिक लोग सरकार की योजनाओं का लाभ उठा सकें। हरियाणा सरकार का उद्देश्य है की अंतिम आदमी तक विकास पहुंचे। उन्होंने कहा कि लोगों को बार-बार किसी कार्यालय के चक्कर न काटना पड़े इसीलिए इस प्रकार के कैंपों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि संबंधित विभागों की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए मेले का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार लगातार हर वर्ग के लिए कार्य कर रही है। इस मौके पर जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय से राम सिंह सहायक, संजय यादव स्टेनो, राजेंद्र शर्मा लिपिक, सत्येंद्र बलाना, राजेश कुमार, कृष्ण कुमार के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

# निशुल्क औषधि वितरण शिविर में ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**गांव** बजाना कलां में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें डॉ अंकिता ने शिविर में आए लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और फार्मासिस्ट धर्मेंद्र ने निशुल्क औषधियां वितरित की गई। डॉ अंकिता ने खुजली, एलर्जी, उदर रोगी, मधुमेह रोगी, अम्लपित, दमा, वात रोग और महिला रोग, खून की कमी आदि रोगों की दवाइयों का वितरण किया। डॉ अंकिता ने योग एवं आयुर्वेद को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास से हमारा शरीर रोगों से बचा रहता है, योग करने से रोग- प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। शिविर में योग सहायक जीत राम और



प्रवीन देवी ने यौगिक क्रियाएं करते हुए बताया कि शरीर और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में ताड़ासन, भुजंगासन, शलभासन, पवनमुक्तासन, ताड़ासन, त्रिकोणासन और भस्त्रिका, अनुलोमझविलोम, भ्रामरी आदि को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है प्राणायाम स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं। शिविर का उद्देश्य योग और आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाना रहा। इस दौरान आशा कार्यकर्ता शकुंतला, सुनीता, अनिता, संदीप, दिनेश, पंडित वीरेंद्र, प्रदीप, फौजी भगत सिंह, सोमबीर, पुष्पा आदि मौजूद थे।

## संपादकीय

# डॉल्फिन संरक्षण में सरकार की भूमिका

**डॉल्फिन** एक अद्भुत प्रजाति है, जो अपनी बुद्धिमत्ता और करिश्माई आकर्षण के लिए जानी जाती है। भारत में यह विलक्षण जीव सांस्कृतिक और पारिस्थितिकीय दोनों रूपों में महत्वपूर्ण है। ये जीव अपनी चपलता और चंचल व्यवहार दोनों के लिए जाने जाते हैं, जिससे वे वन्य जीवन पर नजर रखने वालों के बीच लोकप्रिय हैं। भारत अपने तटीय और मीठे पानी वाले क्षेत्रों में रहने वाली डॉल्फिन प्रजातियों की समृद्ध विविधता से परिपूर्ण है। इंडो-पैसिफिक हंपबैक डॉल्फिन और गंगा नदी में पाई जाने वाली डॉल्फिन प्रजातियां सबसे मुख्य हैं। ये डॉल्फिन प्रजातियां अपने पर्यावास के आसपास पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। गंगा नदी में पाई जाने वाली डॉल्फिन प्रजाति अपने गुलाबी रंग और मीठे पानी के वातावरण के लिए अद्वितीय अनुकूलन के साथ, गंगा, ब्रह्मपुत्र और उनकी सहायक नदियों में पाई जाने वाली एक विशिष्ट प्रजाति है। हालांकि, डॉल्फिन संरक्षण को पर्यावास विखंडन, जल प्रदूषण, मत्स्य पालन सहित मानवीय हस्तक्षेप, बांध और बैराज तथा जलवायु परिवर्तन जैसी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। भारत में डॉल्फिन संरक्षण के लिए प्राथमिक चुनौती उसके पर्यावास का क्षरण है। तेजी से शहरीकरण, औद्योगीकरण और अस्थिर कृषि पद्धतियों के कारण जल प्रदूषण, पर्यावास का विनाश होने के साथ-साथ नदियों और उनके मुहानों में जल का प्रवाह कम हो गया है। ये परिवर्तन उस नाजुक इको सिस्टम को नुकसान पहुंचाते हैं, जिस पर डॉल्फिन अपने अस्तित्व के लिए निर्भर हैं। कृषि के साथ-साथ औद्योगिक और घरेलू कचरे से होने वाला प्रदूषण डॉल्फिन के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है। प्रदूषण के घटक जल स्रोतों को दूषित करते हैं, इनके लिए खाद्य की उपलब्धता को प्रभावित करते हैं, और खाद्य में विषाक्त पदार्थों या जैवसंचय के माध्यम से डॉल्फिन को सीधे नुकसान पहुंचा सकते हैं।

डॉल्फिन भी अक्सर मछली पकड़ने के दौरान और समुद्र के औद्योगीकरण का अनजाने शिकार बन जाती हैं। वे मछली पकड़ने के जाल में फंस जाती हैं, जिससे वे घायल होती हैं या उनकी मृत्यु हो जाती है। नदियों पर बांधों और बैराजों के निर्माण से पानी का प्राकृतिक प्रवाह बाधित होता है और डॉल्फिन की आबादी अलग-थलग हो जाती है। यह विखंडन उनकी आनुवंशिक विविधता को कम करता है और उन्हें अंतः प्रजनन और स्थानीय तौर पर विलुप्त होने के लिए बाध्य करता है। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, जैसे समुद्र के बढ़ते तापमान और समुद्र के जल स्तर में वृद्धि का डॉल्फिन की आबादी पर अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। मछलियों की अनियमित संख्या और महत्वपूर्ण पर्यावासों का नुकसान इनके संभावित परिणाम हैं। इनके महत्व, पर्यावरणीय लाभ और मानव कल्याण में योगदान को ध्यान में रखते हुए, भारत समुद्री और नदियों में पाई जाने वाली दोनों डॉल्फिन के संरक्षण में अग्रणी है। भारत सरकार द्वारा 2020 में प्रोजेक्ट डॉल्फिन लॉन्च किया गया। प्रोजेक्ट डॉल्फिन में विशेष रूप से गणना और अवैध शिकार विरोधी गतिविधियों में आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से जलीय और समुद्री डॉल्फिन और जलीय पर्यावास दोनों का संरक्षण शामिल है। यह परियोजना मछुआरों और अन्य नदी/समुद्र पर निर्भर आबादी को शामिल करेगी।

# आन्तरिक सौन्दर्य की तलाश ही है जीवन की सार्थकता

– ललित गर्ग–

"हम संकल्प के साथ पवित्रता की साधना शुरू करें कि मन, भाषा, कर्म के सौन्दर्य को निखारने में हम निष्ठाशील बनेंगे, जागरूक बनेंगे और पुरुषार्थी बनेंगे। न केवल हमारी सूरत बल्कि सीरत भी उज्ज्वल होगी, पवित्र होगी और अधिक मानवीय होगी। ऐसा होने पर ही हमारा चाहे मुखमंडल बदले या हम स्वयं बदले, वह सार्थक होगा। सौंदर्य एक आध्यात्मिक प्रेरणा हुआ करता था, यह कला, साहित्य, स्थापत्य का आधार माना जाता रहा है, लेकिन आज सौन्दर्य भी व्यवसाय हो गया है, यही कारण दुनियाभर में तरह-तरह की सौन्दर्य प्रतियोगिताओं का बाजार चरम पर है। इन सौंदर्य प्रतियोगिताओं ने इस विचार को मजबूती दी हैं कि लड़कियों और महिलाओं को मुख्य रूप से उनकी शारीरिक उपस्थिति के लिए महत्व दिया जाना चाहिए"

**संयुक्त** राज्य अमेरिका में 7 अक्टूबर को राष्ट्रीय आंतरिक सौंदर्य दिवस के रूप में मनाया जाता है । इस दिन का उद्देश्य आन्तरिक सौन्दर्य यानी मानवीय गुणों को बल देते हुए मानव तस्करी के पीड़ितों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें सहायता प्रदान करना है। यह दिवस हमें अपनी आंतरिक सुंदरता और हमारे मूल मूल्यों को अपनाने की याद दिलाता है जो हमें सुंदर बनाते हैं। आन्तरिक सुन्दरता से व्यक्ति में विनम्रता, सदाशयता, करुणा, दया, क्षमा, सत्यम्, शिवम् एवं सुंदरम् का भाव आता है। भारतीय संस्कृति एवं साहित्य के अनुसार, आंतरिक सुंदरता हमें संपूर्ण बनाती है और यही हमारे सकारात्मक व्यक्तित्व और बाहरी सुंदरता की नींव है। मूलतः भारतीय अंतःकरण सौंदर्य के दर्शन पर केंद्रित है। हमारे ऋषियों ने भी आंतरिक सुंदरता को खोजने के लिए योग, प्राणायाम और ध्यान आदि का प्रयोग किया। वास्तविक सौन्दर्य से ही हम वर्तमान जीवन शैली को सहज व अनुकूल बना सकते हैं। भारतीय सौंदर्यबोध की श्रेष्ठता तुलसीदास के साहित्य बोध, तानसेन के संगीत बोध और ताजमहल जैसी कृतियों के उत्कृष्ट स्थापत्य बोध द्वारा आंकी जा सकती है। भारतीय दर्शन शास्त्र में महात्मा बुद्ध, सम्राट अशोक, मुगल शासक जहांगीर, शाहजहां, कवि रविन्द्रनाथ टैगोर, स्वामी विवेकानंद आदि सौंदर्यबोध के प्रखर ज्ञाता व विवेचक माने जाते हैं।

सौन्दर्य हमारा स्वभाव है, विभाव नहीं। सौन्दर्य जब भी निखरता है हमारा आभामंडल पवित्र बनता है। आभामंडल की शुद्धता और दीप्ति शरीर और मन का सौन्दर्य है। इसलिए पवित्र आभामंडल चेतना के ऊर्ध्वारोहण का संवाहक है। जैन आगम की भाषा में वह व्यक्ति सुन्दर है जो व्यवहार से विनम्र है, जिसकी इन्द्रियां नियंत्रित हैं, जो प्रशांत हैं, जो सहिष्णु हैं, जो मितभाषी हैं। हमारा बदलाव या परिवर्तन कुछ इसी तरह के सौन्दर्य के लिए हों, यह अधिक उपयोगी एवं प्रासंगिक लगता है। ऐसे आन्तरिक सौन्दर्य की आज ज्यादा जरूरत विश्व में बढ़ती हिंसा, आतंक एवं अपराध की स्थितियों को देखते हुए महसूस की जा रही है।

सर्वव्यापी प्राकृतिक सौंदर्य, वृक्ष, झरने, पर्वत, बादल, मौसम, पशु-पक्षी, हरियाली, नदियां, समुद्र, धरती, आकाश, चांद सितारे व सूरज इत्यादि प्रकृति का सौंदर्य है,



जिसको संरक्षित एवं सुरक्षित करके ही विनाश की कगार पर खड़ी प्रकृति एवं पर्यावरण को बचा सकते हैं। मनु ने भी कहा- शरीर जल से, मन सत्य से, बुद्धि ज्ञान से और आत्मा धर्म से पवित्र होती है। दुनिया में सौन्दर्य के प्रति बढ़ता आकर्षण एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है। अधिकांश युवा पुरुष एक सुंदर पत्नी की चाहत रखते हैं, जो उनके लिए बहुत अपरिपक्व होती है और अधिकतर ऐसा होता है कि यह ह्यखूबसूरतह्ल पत्नी एक ह्यसमस्याग्रस्तह्ल पत्नी बन जाती है। एक महिला का आकर्षण बहुत लंबे समय तक नहीं रहता है और प्रारंभिक आकर्षण हवा में उड़ जाता है। विवाह के मामलों में बाहरी सौन्दर्य की लालसा परिवारों के बिखराव का बड़ा कारण बनी है, इसलिये आज व्यक्ति की आंतरिक सुंदरता को अधिक महत्व देना जरूरी है। आंतरिक सुंदरता वाली महिला सबसे अच्छी जीवनसाथी साबित हो सकती है। फ्रैंकफर्ट यूनिवर्सिटी के मनोवैज्ञानिक, डॉ. जॉन ओकर्ट ने इस सन्दर्भ में कहा है कि ह्यखूबसूरत महिलाओं को लगता है कि सुंदरता ही उनकी एकमात्र संपत्ति है और वे बढ़ती उम्र को सहन नहीं कर सकती हैं। हॉलीवुड की सबसे खूबसूरत महिलाओं में से एक मर्लिन मुनरो के बारे में कहा जाता है कि जब उन्होंने दर्पण में झुर्रियों के पहले निशान देखे तो वह फूट-फूट कर रोने लगीं। जबकि सुकरात जब भी आईने में अपना भद्दा चेहरा देखता, शिष्य हंस पड़ते। एक दिन सुकरात ने बोधपाठ दिया- मैं इतना भद्दा, कुरूप हूं फिर भी आईना इसलिए बार-बार देखता हूं कि ऐसा कोई गलत काम मुझसे न हो जाए कि जिससे यह चेहरा ज्यादा बदसूरत बन जाए। राजा जनक ने अपनी राज परिषद में बोध दिया- मैं अपनी सभा में आते वक्त लोगों के वस्त्र देखकर सम्मान देता हूं पर जाते वक्त अष्टावक्र जैसे ज्ञानी पुरुषों के चरित्र को देखकर सम्मान देता हूं। सम्मान, प्रतिष्ठा, यश, पूज्यता, श्रद्धा पाने का हक चरित्र को मिलता है, चेहरे को नहीं। मनु ने भी कहा- शरीर जल से, मन सत्य से, बुद्धि ज्ञान से और आत्मा धर्म से पवित्र होती है। महात्मा गांधी के शब्दों में व्यवहार का सौंदर्य है- बुरा मत देखो, बुरा मत बोलो, बुरा मत सुनो। हम संकल्प के साथ पवित्रता की साधना शुरू करें कि मन, भाषा, कर्म के सौन्दर्य को निखारने में हम निष्ठाशील बनेंगे, जागरूक बनेंगे और पुरुषार्थी बनेंगे। न केवल हमारी सूरत बल्कि सीरत भी उज्ज्वल होगी, पवित्र होगी और अधिक मानवीय होगी। ऐसा होने पर ही हमारा चाहे मुखमंडल बदले या हम स्वयं बदले, वह सार्थक होगा। सौंदर्य एक आध्यात्मिक प्रेरणा हुआ करता था, यह कला, साहित्य, स्थापत्य का आधार माना जाता रहा है, लेकिन आज सौन्दर्य भी व्यवसाय हो गया है, यही कारण दुनियाभर में तरह-तरह की सौन्दर्य प्रतियोगिताओं का बाजार चरम पर है। इन सौंदर्य प्रतियोगिताओं ने इस विचार को मजबूती दी हैं कि लड़कियों और महिलाओं को मुख्य रूप से उनकी शारीरिक उपस्थिति के लिए महत्व दिया जाना चाहिए और इससे महिलाओं पर फैशन, सौंदर्य प्रसाधन, हेयर स्टाइलिंग पर समय और पैसा खर्च करके पारंपरिक सौंदर्य मानकों के अनुरूप होने का जबरदस्त दबाव पड़ता है। अब तो सौन्दर्य में अव्वल आने के लिये कॉस्मेटिक सर्जरी भी होने लगी है। शारीरिक सुंदरता की चाहत में कुछ महिलाएं इस हद तक डाइटिंग कर खुद को नुकसान पहुंचा रही हैं। इस तरह ओढ़े हुए सौन्दर्य में बनावटीपन है, प्रदर्शन है, अनुकरण है। यह फैशनपरस्ती, दिखावा और विलासिता है। इस तरह सौन्दर्य-सामग्री एवं फैशन की अंधी दौड में नारी अपने आचार-विचार एवं संस्कृति को भी ताक पर रख दिया है। पर अनेक गुणों की स्वामिनी नारी में तो वास्तविक सुंदरता जीवंत होती है। जिसमें नैसर्गिक प्रभावकता है, दिल बांध लेने वाली सम्मोहकता और सर्वांगीण मानवीय श्रेष्ठता है। एक संवाद है भीतर कुछ अच्छा होने का। ऐसा सौंदर्य अमिट होता है। जिसे मौसम एवं माहौल छूता नहीं, नजर नहीं लगाता, उम्र का पड़ाव बदलाव नहीं देता। व्यक्ति असमय न बूढ़ा होता है और न बीमार।

बहुत से ऐसे लोग हैं जो बाहर से सुंदर दीखते हैं मगर भीतर से बहत कुरूप, भद्दे होते हैं जबकि ऐसे भी लोग हैं जो बाहर से सुंदर नहीं होते मगर भीतर की सुंदरता भावों की पवित्रता के साथ इतनी आकर्षक होती है कि उसकी आकृति ही नहीं, मुद्राएं, विचार, व्यवहार, भाषा और शैली सभी कुछ चुंबकीय बन जाते हैं। फिर क्यों कृत्रिम सौन्दर्य को निखारने की होड़ लगी है, क्यों निरीह एवं बेजुबान पशु-पक्षियों की निर्मम हत्या से बने सौन्दर्य-प्रशासनों का उपयोग करते हुए मन बेचैन नहीं बनता? हमारे भीतर अपनी इज्जत, मान-प्रतिष्ठा की सुरक्षा में यदि विवेक, साहस, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प का सुरक्षा कवच है तो फिर शरीर ढांकने के लिए कीमती वस्त्रों का न होना गरीबी नहीं कहला सकती। भले आज बाहरी सौंदर्य की चकाचौंध में हम अपने आदर्शों से, नैतिक मूल्यों से फिसल जाएं, आधुनिक विलासिता और पाश्चात्य संस्कृति डिंक्स, डांस और ड्रग्स तक ले जाएं मगर इन सबकी उम्र लंबी नहीं होती। किसी भी मोड़ पर इनका अंत संभव है। पहले क्षण में सुखद आकर्षक दीखने वाला सौंदर्य दुखदायी ही होता है। इसलिए आंतरिक सौंदर्य की तलाश, प्राप्ति, प्रयोग और परिणाम सभी कुछ श्रेयस्कर है। बाहरी सौंदर्य का मूल्य है पर इसका मतलब यह नहीं कि लोग अपनी दौलत ही नहीं, ईमान तक बेच दें।

## कविता

जिंदगी ने जब पहला इम्तिहान
लिया,
तन्हाइयो ने तब से हमें पहचान लिया

तंज कसता रहा जमाना मेरी बेकारी पर,
उसी पल आनेवाले कल का जल जान
लिया ।

तन की फकीरी रास आ गयी अब,
मौजों से अपने को अंजान कर लिया।

कभी हँसते है, मुस्कुराते है हालात पर,
हम ने लोगों से खुद को अनजान कर
लिया ।

चलो फाकामस्ती में ईद और,दीवाली मनाते
है,
व्रत या उपवास कर के, रोटी को ही
पकवान कर लिया है

अब हम जख्मो से मजा लेने लगे है।
जिंदगी को जिंदगी से अनजान कर लिया।

संजीव ठाकुर

# अमरीका,यूरोप का परम्परागत विरोधी

**संजीव**

**उत्तर** कोरिया में 2011 के बाद किम जोंग उन ने अपने को तानाशाह घोषित कर दिया है वह किम जोंग इल तानाशाह का बेटा है जो 2011 से पहले सनकी तानाशाह थे। विगत दिनों रूस की यात्रा वहां के समकक्ष राष्ट्रपति पुतिन से मिलकर गुप्त मिसाइल समझौते कर-के और खतरनाक हो गया है ।अब उत्तर कोरिया रूस की यूक्रेन के विरुद्ध युद्ध में मदद भी करने वाला है रूस की यात्रा से लौटने के बाद उसने कई मिसाइल परीक्षण भी किएं है, इधर यूक्रेन के बाद युद्ध के लिए शास्त्रों की कमी हो चुकी है नाटो और अमीर की मदद के बावजूद यूक्रेन आर्थिक संकट में है, परिणाम स्वरूप अमेरिका तथा नाटो देश की नींद उड़ चुकी है। पिछले कई वर्षों से एशिया का सबसे विवादास्पद राष्ट्र उत्तर कोरिया रहा है। यह देश विवादों में इसलिए भी रहा है कि इसमें लगातार पिछले एक दशक से परमाणु परीक्षण कर अमेरिका तथा यूरोप के देशों की नींद उड़ा कर रखी है,पूरे विश्व में उत्तर कोरिया के किम जोंग को एक तानाशाह प्रशासक के रूप है जाना जाने लगा है,किंम जोंग की गिनती विश्व में क्रूर तानाशाह की मानी जाती है, यूरोप तथा अधिकांश एशियाई देशों के मीडिया ने किंग जॉन को एक खतरनाक तथा विश्व की शांति के खतरे के रूप में निरूपित किया है। वह अमेरिका तथा यूरोपीय देशों का घनघोर विरोधी तानाशाह है और अपने देश में सिर्फ कोरियाई भाषा को ही पढ़ने लिखने और बोलने की भाषा के रूप स्वतंत्रता प्रदान की है। दिसंबर 2011 को उसने अपने आप को उत्तर कोरिया का सर्वोच्च तानाशाह घोषित कर दिया था। उत्तर कोरिया में मीडिया इंटरनेट पर वीडियो पर इसी तानाशाह का पूरी तरह नियंत्रण है। वैश्विक स्तर पर तानाशाहों की गिनती में चीन के शी जिनपिंग, रूस के व्लादिमीर पुतिन और उसके बाद किम जोंग का तीसरा नंबर है। ऐतिहासिक रूप से देखा जाए तो कोरिया बहुत सालों तक चीन का हिस्सा रहा है फिर उन्नीस सौ चार तथा पांच में रूस जापान युद्ध के बाद यह जापान का एक सुरक्षित क्षेत्र बन गया था। 1910 के बाद जापान ने से अपना अंग बना लिया था। 1945 के विश्वयुद्ध के बाद जब जापान ने आत्मसमर्पण किया था तब कोरिया को स्वतंत्र राष्ट्र बना कर उसे दो भागों में विभक्त कर दिया गया। उत्तर दक्षिण कोरिया, 1948 में दक्षिण भाग में कोरिया गणतंत्र और उत्तरी कोरिया में कोरियन पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक की स्थापना की गई। 1953 में इसका विभाजन विधिवत रूप मे उत्तर उत्तर अक्षांश की विभाजन रेखा से उत्तर तथा दक्षिण कोरिया बनाया गया। भारत की तरह यह भी कृषि प्रधान राज्य है। यहां पर शिक्षा और स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की सेवाएं पूरी तरह से सरकार के नियंत्रण में रखी गई है। दक्षिण कोरिया में खाद्य पदार्थों में अनुदान दिया जाता है तथा शिक्षा स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक सेवाएं नागरिकों को निशुल्क प्रदान की जाती है। इसके बावजूद भी वहां कुपोषण की दर 30% से बहुत अधिक है।

## विचार

# वायु सेना ने देश के लिए सदैव सुरक्षा छत्र का काम किया

**सतीश मेहरा**

**टेक्नोलॉजी** के इस युग में किसी भी देश के सामरिक महत्व में वायु शक्ति को सुदृढ़ करना बेहद आवश्यक है। इसी को मद्देनजर रखते हुए भारतीय वायु सेना का नवीनीकरण किया गया है जिससे देश का आसमानी सुरक्षा छत्र मजबूत हुआ है। आज भारतीय वायु सेना अपनी स्थापना की 91वीं वर्षगांठ मना रही है। 8 अक्टूबर 1932 में ब्रिटिश काल के दौरान भारतीय वायुसेना का गठन किया गया। उसे समय इसका नाम अंग्रेज सरकार द्वारा और रॉयल इंडियन एयर फोर्स रखा गया था। आजादी के बाद 1950 में इसका नाम भारतीय वायु सेना रख दिया गया। अपने 90 बरस के गौरवशाली इतिहास में वायु सेवा ने विभिन्न युद्धों ,अभियानों ,ऑपरेशनों और प्राकृतिक आपदाओं में जो अद्भुत कार्य कर सफलता प्राप्त की है, उसे आज सैल्यूट करने का अवसर है। भारतीय वायु सेना ने समय-समय पर अपनी क्षमता का प्रयोग करते हुए सुरक्षा के क्षेत्र में देश को प्रबलता प्रदान की है । बात बाह्य सुरक्षा की हो,आंतरिक सुरक्षा की हो या प्राकृतिक आपदा अवसर की हो, वायुसेना ने हर स्थिति में देश के नागरिकों को सुरक्षा प्रदान की है। भारतीय वायु सेवा ने द्वितीय विश्व युद्ध, भारत- चीन युद्ध, भारत- पाकिस्तान युद्ध, ऑपरेशन कैक्टस, ऑपरेशन -विजय, कारगिल- युद्ध ,कांगो -संकट, ऑपरेशन पुलमाई, ऑपरेशन पवन, और 2019 में पाकिस्तान से पुलवामा का बदला लेने के लिए बालाकोट पर "हवाई सर्जिकल स्ट्राइक" को अंजाम देकर भारतवासी का दिल जीता था। इससे देशवासी निरंतर वायु सेना के जाबाजों के बुलंद हौसलों के कायल हुए हैं।

आज के दिन यानी 8 अक्टूबर को देश के वायु सेना केंद्रों पर"एयर शो"का भव्य प्रदर्शन हो रहा है, जिसमें जांबाज पायलट विभिन्न लड़ाकू विमानों और अन्य विमानों के साथ हैरतअंगेज करतब दिखाते हैं। इस समय भारतीय सेना में बड़े ही आधुनिकतम फाइटर विमान शामिल हैं जिनमें तेजस ,जैगुआर, एमआईजी -27, आर पी ए50, सुखोई 30, मिराज 2000, मिग- 29, मिग-21, एच ए एल- तेजस, व राफेल के साथ-साथ हेलीकॉप्टर ध्रुव, चेतक, चीता चिनूक,एम आइ-8, एम आइ- 17, एम आइ-26,एम आइ- 25 एच ए एल लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर ,तथा एच ए एल- रूद्र शामिल है जो किसी भी स्थिति में दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तत्पर हैं । एच ए एल कंपनी द्वारा भारतीय तेजस विमान में तो कई बहुत ही घातक उपकरण जोड़कर दुनिया के अमेरिका, रूस और चीन जैसे बड़े-बड़े देशों में सनसनी पैदा कर दी है

इतना ही नहीं निकट भविष्य में सुखोई ,रफाल 35 जैसे घातक लड़ाकू विमान भी भारत में बनेंगे। इसके लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड बिल्कुल तैयार है। भारत अब वायुयान के निर्माण में किसी देश पर निर्भर नहीं है इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मेक इन इंडिया का सपना भी साकार हुआ है। इस प्रकार से आकाशीय सामरिक क्षेत्र के मामले में भारत एक आत्मनिर्भर राष्ट्र होगा। इस समय भारतीय सेना में लगभग डेढ़ लाख अधिकारी पायलट और सक्रिय जवान शामिल है। भारतीय वायुसेना को दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सेना होने का गौरव प्राप्त है । वायु सेना में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। वायु सेना में वर्तमान में डेढ दर्जन से भी अधिक महिला पायलट लड़ाकू विमानों को उड़ा रही हैं। इसके साथ-साथ तीनों सेनाओं थल सेना, जल सेना और वायु सेन में कुल 145 महिला पायलट विभिन्न प्रकार के विमानों से आसमान को नाप रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्तमान सरकार ने सामरिक महत्व को देखते हुए सेना के आधुनिकीकरण और प्रौद्योगिकीकरण का जो कार्य किया है उसे हमारी सेना मजबूत हुई है। सेना के अधिकारियों, जवानों को 'वन रैंक वन पेंशन' देकर जो मान बढ़ाया है उसे पूरी सैनिक बिरादरी में खुशी की लहर दौड़ी है । केंद्र सरकार ने वर्ष 2023 -24 में सेना के बजट में गत वर्ष की अपेक्षा 13% से भी अधिक का इजाफा कर संकेत दिए हैं कि सेना में मजबूती का अभियान और तेज होगा,जिससे देश की सीमाएं सुरक्षित होंगी । आज का यह दिन जश्न के साथ-साथ उन सभी भारतीय वायु सेना के शहीद हुए जवानों को याद करने का भी है जिन्होंने विभिन्न युद्धों और अभियानों में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

दूरभाष नं. - (011) 47502546

फैक्स - (011) 27677673

प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज

9999889104, 9250706656

ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# फेंकनाधिकार और राजनीति

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**सुनने** लायक फेंकना इंसानी आविष्कारों में से बहुत खास आविष्कार है और हमें इसके लिए उस फेंकुबाज को धन्यवाद देना चाहिए जिसने पहली बार लंबी लंबी फेंका होगा। कहना अनावश्यक है कि किसी फेंकूबाज को बार-बार हल्की फुल्की और सीधी सादी बात के लिए सेंवई की तरह बात करना पड़े। वह तो मैगी की तरह बातों को घुमा फिराकर लंबी लंबी फेंकता जी रहेगा। सो उसने सीधी बात को टेढ़ी बात में उलझाकर फेंकने की कला के आविष्कार की सोची होगी। हमेशा मन की बात करना सेहत के लिए ठीक नहीं होता। इसके लिए समय समय पर फेंकूगरी करके अपना चुल शांत कर सकते हैं। स्पीच इज सिल्वर एंड साइलेंस इस गोल्ड की उक्ति बदलने का समय आ गया है। मौन बकवास और फेंकना झकास है, कहना सबसे उपयुक्त होगा। मौन रूपी माता से फेंकना रूपी पिता बड़ा होता है। मौन से कुछ नहीं साधा जा सकता, जबकि फेंकने से हवा में हवामहल, शीशे में शीशमहल और गोबर से गुड़ बनाकर गुड़ गोबर कर सकते है। फेंकना इन्ही सभी उपलब्धियों का जनक है। फेंकने का राजनीति में बहुत महत्व है। या यूं कहे कि यह बना ही राजनीति के लिए है, तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। जनता नेता के फेविक्विक संबंधों में फेंकने का महती योगदान होता है। जनता रोजगार, महंगाई से छूट, शांति जैसे सपने देखना चाहती है, जबकि नेता का कहना होता है कि अगर रोजगार, महंगाई से छू5 और भी दूसरे सपनों को पूरा ही करना है, तो इस काम के लिए इतनी लंबी लंबी फेंके कि जनता उसे लपेटने और समझने में ही उलझकर रह जाए। वैसे जब जब फेंकने की कला नहीं थी, तब जनता और राजा दोनों क्रमशः बली का बकरा और धृतराष्ट्र का पात्र बखूबी निभाया करते थे। पर फेंकना यह मौका देता है कि बंदा एक मिनट में साठ लंबी लंबी फेंका कर बहुत जल्द पहुंचा हुआ नेता बन सकता है। नयी तरह की राजनीति में जो तमाम बातें पहले ही तय हो जाती हैं, फेंकने का अधिकार उनमें से एक है। फेंकनाधिकार के मसले शांतिपूर्वक शासन के लिए बहुत जरुरी हैं, सो इन पर पहले ही फैसला हो जाना

# लालफीताशाही और लूटमखोर

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

एक समय की बात है। चरित्र से निल और बैंक बैलेंस से फुल लालफीताशाहियों ने "अयोग्यता समिति" का गठन किया। लूटमखोर के नेतृत्व में यह समिति बहुत बढ़िया काम कर रही थी। उनका एकमात्र उद्देश्य सीधे काम को टेढ़ा, टेढ़े काम को जलेबी बनाना था। ओह, उनकी अक्षमता का शानदार प्रदर्शन देखना कितना अद्भुत दृश्य था! समिति शहर के मध्य में, एक भव्य पुरानी इमारत में बैठती थी। इमारत का नाम था - "नौकरशाही का स्मारक"। इसी इमारत में एक विभाग था जिसका नाम था - "सरल कार्य जटिल बनाएँ"। लोग अक्सर अपने सांसारिक मामलों में मदद मांगने के लिए वहां आते थे। उन्हें इस बात का जरा भी अनुमान नहीं था कि उस इमारत के भीतर इंसान के रूप में लीचड़ उनका इंतजार कर रहे हैं। हर सुबह, लूटमखोर अपनी समिति के सदस्यों के साथ मिलता था, जो सादगी को कला के रूप में बदलने में माहिर था। उसने सभी को हिदायत दे रखी थी कि इमारत में आने वाली गरीब आत्माओं को भ्रमित करने, देरी करने और अंततः निराश करने की रणनीतियों पर किसी तरह की कोताही न बरते।

उनकी छोटी-छोटी समस्याओं को पहाड़ बना दो। छुट्टी निकालकर एक दिन, आत्माराम नाम का एक असहाय गरीब अपना अनुरोध लेकर आया। उसे अपने पहचान पत्र पर अपना पता अपडेट करना था। उसे लगा कि काम एक दिन में हो जाएगा। इसी भ्रम में वह सताऊ डेस्क के पास पहुंचा, जहां लूटमखोर और उनकी समिति के सदस्य एक वर्ग की परिधि की गणना करने के सबसे प्रभावी तरीके पर गरमागरम बहस में तल्लीन थे। लूटमखोर ने अपनी आत्मसंतुष्ट मुस्कान और आत्म-महत्व की गहरी भावना के साथ, दूसरों को चुप कराने के लिए अपना हाथ उठाया।

फिर उन्होंने आत्माराम की ओर देखा और कहा, "आह, आप जो कार्य करना चाहते हैं वह कोई सामान्य कार्य नहीं है! हमें नौकरशाही प्रक्रियाओं की जटिल भूलभुलैया के माध्यम से आपकी यात्रा की जांच करनी चाहिए। कम से कम नौ अलग-अलग दस्तावेज एकत्र करके शुरूआत करें, जिनमें से प्रत्येक को प्रमाणीकरण की आवश्यकता है। इसके लिए आपको शहर के विपरीत दिशा में तीन अलग-अलग सरकारी कार्यालय के चक्कर लगाने जैसे पावन कार्य में भाग लेने की प्रक्रिया संपन्न करनी होगी।

## न्यूज फ्लैश

### भाजपा 2024 में फिर से बनाएगी पूर्ण बहुमत की सरकार: योगेंद्र राणा



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल विधानसभा** का पन्ना प्रमुख सम्मेलन रविवार को सुबह 8 बजे मैहता फार्म काछवा रोड़ करनाल में होना तय हुआ है। इस सम्मेलन में सभी पन्ना प्रमुखों को मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश महामंत्री एडवोकेट वेदपाल, जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, जिला प्रभारी दीपक शर्मा व अन्य प्रदेश स्तर के नेताओं का मार्गदर्शन मिलेगा। पन्ना प्रमुख सम्मेलन की तैयारियां को लेकर आज भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, जिला प्रभारी दीपक शर्मा, मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला ने कार्यक्रम स्थल का दौरा कर व्यवस्था का जायजा लिया। इस मौके पर उनके साथ जिला कोषाध्यक्ष बृज गुप्ता, जिला महामंत्री सुनील गोयल, जिला उपाध्यक्ष संजय राणा, किसान मोर्चा जिला महामंत्री विनय सन्धू मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कहा कि 2024 में देश और प्रदेश में तीसरी बार भी भाजपा सरकार बनाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका पन्ना प्रमुखों को निभानी है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत (कमाल हुसैन)**
(मो. नं.: 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं.: 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं.: 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं.: 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं.: 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं.: 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं.: 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं.: 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र दलबीर मलिक**
(मो. नं.: 94162 71181)

# 'कम्बोपुरा की 2 दुकानों को निगम ने किया सील'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**नगर निगम** आयुक्त अभिषेक मीणा के निर्देश पर, निगम दुकानों का किराया न चुकाने वाले डिफाल्टर दुकानदारों के खिलाफ शुक्रवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इस दौरान गांव कम्बोपुरा की 2 दुकानों को सील किया गया, जबकि 1 दुकान द्वारा आंशिक भुगतान करने पर उसे कुछ दिनों की मोहल्लत देकर छोड़ा गया। इनकी तरफ करीब 21 लाख रुपये पिछले 8-10 वर्षों से किराया लंबित चला आ रहा था। यह जानकारी नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अदिति ने दी।



संयुक्त आयुक्त ने बताया कि कार्रवाई सम्पन्न करवाने के लिए उप निगम आयुक्त विनोद नेहरा को बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था, जबकि सील करने गई एन्फोर्समेंट टीम में सचिव बल सिंह, रेंट सहायक राम सिंह तथा पुलिस बल मौजूद था।

अदिति ने बताया कि कार्रवाई में सर्वप्रथम मेरठ रोड पर स्थित कम्बोपुरा गांव की दुकान नम्बर 19 को सील किया गया, इसकी ओर करीब 6 लाख रुपये की नगर निगम का किराया बकाया था। इसके बाद इसी गांव की दुकान नम्बर 22 को सील किया गया, इसकी ओर करीब 10 लाख रुपये बकाया राशि थी। इसके उपरांत करीब 5 लाख रुपये की बकायादार, दुकान नम्बर 5 को सील करने की कार्रवाई शुरू की गई। परंतु सम्बंधित दुकानदार ने सीलिंग से बचने के लिए आंशिक भुगतान के रूप में नगर निगम में 50 हजार रुपये की रसीद कटवाई तथा इतनी ही राशि का चैक जमा करवाया।
टीम द्वारा इस दुकानदार को शेष राशि जमा करवाने के लिए कुछ दिनों की मोहल्लत दी गई। अगर वह शेष राशि को समय पर जमा नहीं करवाता, तो सम्बंधित दुकान को सील करने की कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि उपरोक्त बताई गई बकाया राशि में दुकानों का किराया, जुमार्ना व कर, तीनों शामिल हैं।
उन्होंने बताया कि उपरोक्त दुकानदारों को किराए का भुगतान करने के लिए 3 नोटिस जारी किए गए थे, जिनमें इन्हें एक-एक सप्ताह का समय दिया गया था। परंतु दुकानदारों द्वारा नोटिस की पालना नहीं की गई। उन्होंने बताया कि उपरोक्त के मद्देनजर, नगर निगम अधिनियम 1994 की धारा 408-ए (1) के तहत उक्त दुकानों को सील करने की कार्रवाई की गई।
करीब 15 बड़ी डिफाल्टर दुकानों पर जल्द होगी कार्रवाई- उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त नगर निगम अन्य डिफाल्टर दुकानदारों पर भी जल्द शिकंजा कसने जा रहा है। इसके लिए करीब 15 बड़ी डिफाल्टर दुकानों सूची तैयार की गई है। इन दुकानों पर करीब 40 लाख रुपये का किराया बकाया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा निगम की ओर से 153 दुकानों को प्रथम नोटिस, 141 को द्वितीय तथा 68 को तृतीय नोटिस जारी किया गया था। इनमें से करीब 30 दुकानदारों ने आंशिक व पूर्ण भुगतान कर दिया है। उन्होंने बताया कि यह दुकानें मेरठ रोड, कम्बोपुरा, राम नगर, प्रेम नगर, कर्ण ताल मार्किट, रेलवे रोड तथा बस स्टैण्ड रोड इत्यादि क्षेत्रों में मौजूद हैं।
संयुक्त आयुक्त अदिति ने बताया कि सीलिंग की कार्रवाई पूरी तरह से शांतिपूर्ण रही। उन्होंने बताया कि डिफाल्टर दुकानदारों की दुकानो को सीलिंग व कब्जे में लेने की कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी। उन्होंने डिफाल्टर दुकानदारों को चेतावनी देते कहा कि अभी भी समय है, वह अपने बकाया रेंट को नगर निगम के खजाने में जमा करवा दे, अन्यथा दुकान अवश्य सील की जाएगी।

## जल्द ही किया जाएगा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ का विस्तार: डा. राधेश्याम

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। स्थानीय** ज्ञान रेजीडेंसी में भाजपा के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रकोष्ठ के संयोजक डा. राधेश्याम शर्मा ने की।



बैठक में बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के सदस्यों ने भाग लिया और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा परिचर्चा की। डॉ. राधेश्याम शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंच कर्म सिद्धांत की अनुपालना करते हुए जल्द ही एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रबुद्ध विद्वान जन अपने विचार रखेंगे। उन्होंने कहा कि जल्द ही प्रकोष्ठ का विस्तार करनाल की पांचों विधानसभा क्षेत्रों जिनमें करनाल, इंद्री, असंध, नीलोखेड़ी एवं घरौंडा में इसकी शाखाएं स्थापित की जाएंगी। प्रकोष्ठ की सहसंयोजिका अंजू धवन ने कहा कि इस प्रकोष्ठ के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ते हुए सभी को मतदान हेतु जागृत किया जाएगा।

## आईजी ने काछवा पुस्तकालय का किया निरीक्षण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**करनाल,** पानीपत और कैथल में पुस्तकालय निर्माण के लिए काछवा पुस्तकालय 22 अक्टूबर 2020 को तत्कालीन सीएमडी शत्रुजीत कपूर वर्तमान में हरियाणा के पुलिस महानिदेशक के करकमलों से करनाल जिले के काछवा गांव में सरदार पटेल पुस्तकालय का शुभांरभ हुआ था। मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा सभी पुलिस लाईनों में पुस्तकालय निर्माण की घोषणा के बाद करनाल रेंज के आईजी सतेन्द्र गुप्ता ने काछवा स्थित पुस्तकालय का निरीक्षण किया।
इस अवसर पर आईजी ने गांव की सरपंच सुशीला, पूर्व संरपंच अजय कुमार, पूर्व सरपंच सुरेश घई, एसई कशिक मान, एसडीओ संदीप



सिकरी के साथ संवाद आयोजित किया। उन्होंने पुस्तकालय के रख रखाव, संचालन और पाठकों की सक्रिय उपस्थित के प्रति प्रसन्नता जाहिर की।
लोगों से संवाद करते हुए पुलिस महानिरीक्षक सतेन्द्र गुप्ता ने कहा कि करनाल, पानीपत, कैथल की पुलिस लाईनों में आधुनिक पुस्तकालय के निर्माण के लिए आज हम पुस्तकालय देखने आये हैं। पुलिस लाईनों में निर्मित हाने वाले पुस्तकालयों में ई.बुक्स के लिए बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जाएगा। बेहतर सभागार, अच्छा फर्नीचर एवं प्रतियोगी परिक्षाओं एवं सामाजिक साहित्यिक किताबों से पुस्तकालयों का निर्माण किया जाएगा।
एसई कशिक मान ने कहा कि उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के सामाजिक दायित्व निर्वहन योजना के अर्न्तगत इन पुस्तकालयों के निर्माण कार्य सूत्रपात शत्रुजीत कपूर ने किया था। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हरियाणा पॉवर युटिलिटिज के अध्यक्ष पीके दास की प्रेरणा एवं प्रबंध निदेशक युएचबीवीएन डा. साकेत कुमार के मार्गदर्शन में 21 पुस्तकालयों का निर्माण हो गया है और 14 पुस्तकालयों का निर्माण कार्य जारी है।

## जल शक्ति अभियान के तहत सभी विभाग करें अपना लक्ष्य पूरा : डा. वैशाली शर्मा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**एडीसी** डॉ. वैशाली शर्मा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में जल शक्ति अभियान के तहत अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि जल शक्ति अभियान के तहत जल संरक्षण के लिए सरकारी विभागों को जो लक्ष्य दिए गए हैं, उन्हें पूरा करने और की गई कार्यवाही का डाटा बनाए गए पोर्टल पर अपलोड करें।
डा.वैशाली शर्मा ने कहा कि जल शक्ति अभियान फेज-3 के तहत जल संरक्षण के लिए प्रयास किए



जा रहे हैं। इस अभियान के अंतर्गत सिंचाई सहित करीब एक दर्जन विभाग जुड़े हैं। इन विभागों को टारगेट दिए गए हैं, जिसमें सिंचाई, बी एण्ड आर, वन, पंचायत एवं विकास विभाग, बिजली, एचएसआईडीसी, कृषि, एचएसवीपी, शिक्षा तथा अर्बन लोकल बॉडी जैसे विभागों को जल संरक्षण के लक्ष्य दिए गए है। ये सभी अपने लक्ष्यों को समय से पूरा करें। उन्होंने कहा कि जल शक्ति अभियान फेज-3 में करनाल की रैंकिंग कम नहीं रहनी चाहिए।

## खट्टर सरकार लगातार कर रही है किसानों की अनदेखी: बलविंदर सिंह

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**आम** आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष बलविंदर ने किसानों की फसलों की खरीद ना होने, एमएसपी पर खरीद न होने और मंडियों में अव्यवस्था होने के मुद्दे पर खट्टर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार करनाल के किसानों समेत पूरे हरियाणा के किसानों की लगातार अनदेखी कर रही है। मंडियों में किसान अपनी फसल लेकर बैठे हैं, कभी उन्हें गेट पास नहीं मिलता है, कभी कहते हैं टोकन नहीं है। कभी उनकी पोर्टल की डिटेल नहीं मिल रही है।

## महिलाओं को भाजपा ने दिया मान-सम्मान: अंजू वारियर

### भाजपा महिला मोर्चा के दो दिवसीय प्रवास कार्यक्रम का हुआ समापन

**ऊर्जा का संचार**

8 करनाल जिले के विभिन्न गांवों व वार्डों में संगठात्मक प्रवास कार्यक्रम समापन किया गया

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**महिला** सशक्तिकरण को बढ़ावा देने, भाजपा महिला मोर्चा को मजबूत करने, नये मतदाताओं को पार्टी से जोडने के लिए व आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर व कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करने को लेकर भाजपा महिला मोर्चा की ओर से करनाल जिले के विभिन्न गांवों व वार्डों में संगठात्मक प्रवास कार्यक्रम समापन किया गया।
भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वानथी श्रीनिवासन के मार्गदर्शन व प्रदेशाध्यक्ष सुनीता दांगी के नेतृत्व में पूरे हरियाणा में प्रवास कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी के तहत जिले में इस दो दिवसीय प्रवास का विभिन्न कार्यक्रमों के साथ समापन किया। इस दो दिवसीय प्रवास में अंजू वारियर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भाजपा उत्तर प्रदेश, प्रदेश उपाध्यक्ष मीना चौहान, जिला प्रभारी बेला भाटिया, मेयर रेनू बाला, जिलाध्यक्ष मिनाक्षी भिंडर, जिला महामंत्री रेनू सैनी व डॉ. मिनाक्षी शर्मा ने पार्टी की जनहितैषी नीतियों के बारे में महिलाओं व अन्य ग्रामीणों को जागरूक किया। साथ में विभिन्न योजाओं के पात्र लाभार्थियों से सीधा संवाद भी किया।
भाजपा महिला मोर्चा के इस दो दिवसीय प्रवास कार्यक्रम दौरान राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य उत्तरप्रदेश अंजू वारियर का महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मिनाक्षी भिंडर, जिला महामंत्री नीरु सैनी व डॉ मीनाक्षी शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। वहीं दुर्गा कालोनी में आंगनबाड़ी केंद्र फुसगढ में महिलाओं को पोषण माह के तहत जागरूक किया। इस दौरान महिला लाभार्थियों से संवाद किया और उनके साथ सेल्फी कार्यक्रम भी चलाया और बूथ स्तरीय बैठक कार्यक्रम भी हुआ।
अंजू वारियर ने संगठन द्वारा नारी शक्ति की आवाज को बुलंद किये जाने वाले कार्यों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने महिलाओं को जो सम्मान दिया वह किसी राजनीति दल ने नहीं दिया।

## 'करनाल मंडल में अब तक 57 चोरी हुए वाहन किए गए बरामद'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल** रेंज में वाहनों की चोरी एवं तस्करी करने वाले अन्तर्राज्जीय अपराधियों व गिरोह की धरपकड़ के लिए सितंबर माह में एक विशेष अभियान के दौरान भारी मात्रा में चुराए गए वाहन बरामद किये गए। करनाल रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सतेन्द्र कुमार गुप्ता के दिशा निदेर्शानुसार माह सितम्बर के दौरान करनाल रेंज के अंतर्गत तीनों जिलों करनाल, कैथल व पानीपत में चोरी हुए वाहनों की तस्करी करने वाले अपराधियों व गिरोह का पता लगाकर उनकी धरपकड़ के लिए विशेष अभियान



चलाया गया था।
पुलिस महानिरीक्षक सतेन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि वाहन चोरी जैसी वारदातों मे हो रही बढ़ोतरी के मध्यनजर वाहन चोरी के गिरोहों को पकड? व चोरी हुए वाहनों की ज्यादा से ज्यादा बरामदगी करने बारे तथा पुलिस कब्जा में लिए गए लावारिस वाहनो के निपटारे के लिए माह सितम्बर में करनाल रेंज में विशेष अभियान की शुरूआत की गई थी। समाज को भय मुक्त बनाने और आमजन के जान व माल की सुरक्षा के लिए तथा अभियान की सफलता को सुनिश्चित करने के लिए रेंज के अंतर्गत तीनों जिलों के सभी पुलिस अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में वाहनों की चोरी करने वाले अपराधियों व गिरोह का पता लगाकर उनकी धरपकड़ के लिए शीघ्रता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे, ताकि आमजन की सम्पत्ति की सुरक्षा की जा सके। उन्होंने कहा कि रेंज के विभिन्न थानों में दर्ज वाहन चोरी करने वाले गिरोह व सजा काट चुके अपराधियों अथवा जमानत पर आए हुए आरोपियों की गतिविधियों पर भी कड़ी निगरानी रखी जाए, ताकि वह भविष्य में इस प्रकार के अपराध में संलिप्त न हो। इस आपरेशन के तहत करनाल मण्डल के तीनों जिलो में अब तक 57 चोरी हुए वाहन बरामद किए गए, जिनमें 5 गैंग का सफाया किया गया तथा 36 पुलिस कब्जा में लिए गए वाहनों का निपटारा किया गया।

## योग सबसे पहले लाभ बाहरी शरीर को लाभ पहुंचाता है: दिनेश गुलाटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** योग गुरु दिनेश गुलाटी द्वारा चलाई जा रही योग कक्षाओं में मेरा मिशन स्वस्थ भारत के तहत आईसीएआर गेहूं एवं जौ अनुसंधान केंद्र में संस्थान के वैज्ञानिकों और अन्य कर्मियों को योग की शिक्षा दी जा रही है। दिनेश गुलाटी ने बताया कि संस्थान के निदेशक डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह की अगुआई में संस्था के लोग प्रतिदिन योग कर रहे हैं। उनका कहना है कि योग सबसे पहले लाभ पहुंचाता है बाहरी शरीर को। फिर यह योग मानसिक व भावनात्मक स्तर पर काम करता है। रोजमर्रा की जिंदगी के तनाव और मानसिक परेशानियों से पीडित व्यक्ति को इन सबका मुकाबला करने के लिए सिद्ध विधि है। योग कक्षा में दिनेश गुलाटी ने भस्त्रिका, कपालभाति व अनुलोम विलोम प्राणायाम के लाभ के बारे में बताया। उन्होंने सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास कराया और विभिन्न प्रकार के आसन व सूर्य नमस्कार की विधियों से साधकों को अवगत करवाया। सर्वाइकल व शुगर को ठीक करने वाले व्यायाम करवाए। कक्षा में अनीता सिंह, अनीता त्रिपाठी, लोकेश त्यागी, रमा मिश्रा, ललिता, ममता बाजा, डा. एससी त्रिपाठी, डॉ. बीएस त्यागी, डॉ. मंगल सिंह, डॉ. प्रदीप शर्मा, डॉ. चरण सिंह, डॉ. रवीन्द्र कुमार, डॉ. ओपी गुप्ता, डॉ. उमेश कामले, सुरेंद्र सिंह, सुनील जाखड़, रामू शाह, रवीन्द्र कामले मौजूद रहे।

## डॉ. नीना ने पुलिस कर्मियों को दिए आपात स्थिति से बचने के टिप्स

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**भारतीय** रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव कुलबीर मलिक के कुशल मार्गदर्शन में प्राथमिक सहायता वीसीपीआर का प्रशिक्षण लगातार विभिन्न स्थानों पर दिया जा रहा है।
इस कड़ी को आगे बढ़ाने का कार्य कार्यवाहक जिला प्रशिक्षण अधिकारी राजपाल चौधरी ने बताया कि डायरेक्टर हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन के अनुरोध पर डॉक्टर नीना प्रवक्ता प्राथमिक सहायता को मधुबन में डॉक्टर अब्दुल कलाम बिल्डिंग के हाल में हरियाणा पुलिस में कार्यरत डीएसपी, इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर को दुर्घटना होने पर यानी सडक हादसा होने पर पुलिस कर्मी गोल्डन हॉर्स में उन्हें क्या



करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए, इस विषय को डॉक्टर नीना ने विस्तारपूर्वक जानकारी को सांझा किया।
डा. नीना ने बताया कि बेहोश व्यक्ति को कभी भी खाने पीने के लिए कुछ नहीं देना चाहिए। यदि बाजू टांग की हड्डी टूट जाए तो उसकी मूवमेंट को बंद कर देना चाहिए। यदि घायल व्यक्ति का दांत गिर जाए या टूट जाए तो उसे पॉलिथीन में दूध डालकर या घायल व्यक्ति की लार में डालकर डॉक्टर के पास लेकर जा सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति का शरीर का कोई अंग कटकर अलग हो जाता है तो उस अंग को पॉलिथीन में डालकर उसे भी डॉक्टर के पास ले जाया जा सकता है और यदि किसी व्यक्ति का खून बंद न हो तो डायरेक्ट प्रेशर के द्वारा उसके खून को बंद किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सबसे जरूरी है कि घायल व्यक्ति से काम लेना, उसकी हौसला देना, जल्दी से जल्दी अस्पताल तक पहुंच जाना। गोल्डन हौर का समय एक घंटा होता है कि 1 घंटे के अंदर घायल व्यक्ति का इलाज शुरू हो जाना चाहिए। डॉक्टर नीना ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति की दिल की धडकन और सांस ना चल रहा हो तो सीपीआर कैसे देना है, छाती पर कैसे दबाव डालना है, डमी के द्वारा पुलिस कर्मियों को ट्रेनिंग दी गई और हमेशा अपनी सेफ्टी का ध्यान रखना है।

# शैक्षणिक भ्रमण के लिए बच्चों को डीईओ ने किया रवाना



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) केंद्र सरकार** द्वारा नई शिक्षा नीति को बढ़ावा देते हुए बच्चों को विभिन्न स्थानों पर ले जाया जा रहा है तथा उन्हें शैक्षणिक भ्रमण के तहत विज्ञान को बढ़ावा देने और एतिहासिक धरोहरों संबंधी जानकारी भी दी जा रही है। शैक्षणिक भ्रमण के तहत अंबाला शहर के शिक्षा सदन से छात्र-छात्राओं का एक दल अमृतसर के लिए रवाना हुआ। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले इन बच्चों को अटारी बोर्डर, सर्वण मंदिर, जलियावाला बाग, जंग-ए-अजादी मैमोरियल, कपूरथला की साइंस सिटी और करूक्षेत्र में श्री कृष्ण संग्रालय, कल्पना चावला तारामण्डल, ज्योतिसर, शेखचिल्ली का मकबरा आदि दिखाया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने किस रवाना किया जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि

**ज्ञानवर्धक**

**8 शैक्षणिक भ्रमण के तहत विज्ञान को बढ़ावा देने और एतिहासिक धरोहरों संबंधी जानकारी भी दी जा रही**

जिला अंबाला से कक्षा 11वीं के 100 बच्चे इस भ्रमण के लिए जा रहे हैं। यह पांच दिवसीय यात्रा रहेगी। बच्चों के साथ-साथ कुछ अध्यापक भी जा रहे है। इसमें बच्चे साइंस सिटी कपूरथला को देखेंगे और साथ ही एतिहासिक धरोहरो को भी देखेंगे। उन्होंने कहा कि अमृतपाल चल रहा है। नई शिक्षा नीति का ही यह एक हिस्सा है। बच्चों में साइंस के प्रति रूचि पैदा करना इस योजना का मुख्य उद्देश्य है। वहीं नन्यौला स्कूल के प्रिंसिपल लुकेंद्र सिंह ने बताया कि इस यात्रा में बच्चों को साइंस सिटी में विभिन्न स्थानों पर ले जाया जाएगा तथा उन्हें बताया जाएगा जीवन में विज्ञान का क्या महत्व है। 10 अक्तूबर को यह बच्चे वापिस अंबाला आएंगे। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों को यह भ्रमण करवाया जा रहा है। यह योजना काफी लाभदायक है तथा देश के विकास में लाभदायक है। वो माता पिता जिनके बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़त है जो बच्चों को ऐसे भ्रमण करवाने में सक्षम नहीं है उनके लिए यह पॉलिशी किसी वरदान से कम नहीं है। वहीं शैक्षणिक भ्रमण पर जा रहे छात्र-छात्राओं ने बताया कि उनके माता-पिता उन्हें विभिन्न प्रकार के भ्रमण पर भेजने लिए सक्षम नहीं है लेकिन हरियाणा सरकार ने जो पहल की है वह काफी सराहनीय है।

# शमशान से आगे कर्म ही ले जाएंगे: रमेश मुनि



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**श्री एस एस जैन** सभा सोनीपत शहर के तत्वाधान में चातुर्मास हेतु विराजमान ओजस्वी वक्ता गुरुदेव श्री रमेश मुनि जी महाराज प्रवचन भास्कर श्री मुकेश मुनि जी महाराज तपस्वी श्री मुदित मुनि जी महाराज प्रवचन सभा को संबोधित करते हुए श्री रमेश मुनि जी महाराज ने कहा कि कोई अच्छा कार्य करो, तो उसका श्रेय अपने पास नहीं रखना, उसे मां-बाप, प्रभु या गुरु को दे देना। इसे पास रखोगे तो अहंकार पैदा होगा। कभी कोई काम बिगड़ जाए तो उसकी जिम्मेदारी खुद पर ले लेना` इससे भूल सुधार तो हो ही जाएगा, साथ ही बड़े पाप से भी बच जाओगे। लेकिन तुम इतने बेईमान हो की कुछ भी अच्छा हुआ तो कहते हो कि मेरी वजह से हुआ और कुछ बुरा होने का ठीकरा किसी और पर फोड़ देते हो, यह कैसी नाइंसाफी है अरे थोड़ा अहंकार से बचने का भाव जरूर बनाकर रखें, यह मत भूलों कि एक दिन सब छोड़ कर जाना है मर गए तो तिजोरी पड़ी रहेगी और महल अटारी खड़ी रहेगी पत्नी रोती हुई गली के मोड तक छोड़ जाएगी और अर्थी के साथ चलने वाले कहेंगे भैया जरा जल्दी करो दुकान भी खोलनी है ,व ऑफिस जाना है` पर शमशान से आगे चलने वाले जिंदगी में किए शुभ अशुभ कार्य ही होंगे` गुरुदेव ने कहा कि तर्क न करें , क्योंकि इससे तकरार बढ़ती है वहीं समर्पण से सौहार्द बढ़ता है
प्रवचन भास्कर श्री मुकेश मुनि जी महाराज ने कहा कि धर्म कभी खेत में नहीं आत्मा में पैदा होता है, विश्व भर से बंधुभाव रखना धर्म है, आज इसे संप्रदाय में बांटा जा रहा है` मानवता एक है ? पर इंसान ने आदमी को बांट दिया ,पर मजहब कभी लड़ना नहीं सिखाता धर्म तो टूटे हुए दिलों को जोड़ता है, मंदिर मस्जिद के नाम पर लड़ाइयां हो रही है, जो आदमी- आदमी का बंटवारा कर रही है` एक दूसरे को तोड़ा जा रहा है याद रखना वों धर्म नहीं, कोर पाखंड है` आज हिंदू मुसलमान को देखा है ,तो उसकी आंखों में खून उतर आता है, ऐसे ही मुसलमान ` यह सब क्या है ? क्या यही धर्म है ? याद रखना धर्म प्रेम सीखना है` हमने इसे तालों, पंथ व संप्रदाय में बांट दिया है, मतलब कि इंसान ने अपने को बांट लिया उन्होंने कहा कि जब तक धर्म अंदर नहीं आएगा, तब तक शांति नहीं मिलेगी` जहां पर अहिंसा, संयम व तपस्या है वही धर्म है`
इस अवसर पर प्रवचन सभा में प्रधान सतपाल जैन,महामंत्री सुशील जैन सुनील जैन,अमित जैन, अशोक जैन अनिल जैन राजेंद्र जैन आदि श्रावक-श्राविकाएं सभा में उपस्थित थे

**अहंकार न करें**

**8 कभी कोई काम बिगड़ जाए तो उसकी जिम्मेदारी खुद पर ले लेना इससे भूल सुधार तो हो ही जाएगा, साथ ही बड़े पाप से भी बच जाओगे**

## न्यूज फ्लैश

### 24 अक्टूबर को हुड्डा ग्राउंड सेक्टर 8 में मनाया जाएगा दशहरा: श्री सनातन धर्म दशहरा कमेटी



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**श्री** सनातन धर्म दशहरा कमेटी सेक्टर 8, 9,10 की कार्यकारिणी बैठक अग्रवाल भवन अंबाला शहर में संपन्न हुई। इस बैठक में पिछले साल दशहरे पर किए गए कार्यों एवं व्यय का ब्योरा दिया गया। वर्तमान प्रधान संजय गोयल एवं उनकी टीम द्वारा 8 वर्षों तक लगातार अपने दायित्व को बखूबी निभाने के बाद पद से त्यागपत्र दे दिया। मुकेश ऐबट जी नवनियुक्त प्रधान सर्व समिति से घोषित किए गए। डॉ सौरभ गुप्ता सचिव की भूमिका निभाएंगे। अजय अग्रवाल जी कोषाध्यक्ष का दायित्व संभालेंगे। अमरदीप सिंगला जी संरक्षक रहेंगे। नव नियुक्त टीम ने 24 तारीख को मनाए जाने वाले दशहरे की तैयारी के लिए रूपरेखा तैयार की। इस बार 60 फुट का रावण बनवाने का निर्णय लिया गया। प्रधान मुकेश ऐबट ने बताया की अंबाला शहर में सेक्टर 8, 9, 10 के दशहरा आयोजन में शहर के सबसे अधिक लोग शामिल होते हैं। अपने त्यौहार, अपनी संस्कृति एवं अपने विचार को जीवंत बनाए रखने के लिए इस प्रकार के मेले का आयोजन लगातार किया जाता है। बड़े बूढ़े एवं बच्चे सभी दशहरे के इस कार्यक्रम का साल भर बेसब्री से इंतजार करते हैं। इस मेले में बहुत से रेडी फड़ी वालों को भी अच्छा कारोबार करने का अवसर प्राप्त होता है। इस माह 24 अक्टूबर को दशहरा हुड्डा ग्राउंड सेक्टर 8 में धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम में विधायक श्री असीम गोयल जी मुख्य अतिथि के रूप में एवं श्री गिरधारी लाल जी भट्टे वाले कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहेंगे। बैठक में पूर्व सचिव चमन अग्रवाल, पूर्व कोषाध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, राकेश सिंगला, संजीव बंसल, अश्विनी अग्रवाल, राजेश गुप्ता, प्रमोद जिंदल, राजेश बंसल, बिपिन डाबर, यशपाल गोयल, हरित संधू,अशोक जी, अमित चांनना आदि उपस्थित रहे।

### दुर्लभ 55 बीमारियों, कैंसर व हीमोफीलिया-थैलेसीमिया के मरीजों को मिलेगी अब मासिक पैंशन: सुखबीर



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) जिला** सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 11 मई 2023 को तीन श्रेणियों के मरीजों के लिए मासिक पैंशन के रुप में वित्तीय सहायता देने की घोषणा की थी। इस घोषणा के अनुसार 3 श्रेणियों के मरीजों, जिनमें दुर्लभ 55 बीमारियों, कैंसर की तीसरी व चौथी स्टेज, हीमोफीलिया-थैलेसीमिया के मरीजों को शामिल किया गया है। इन तीनों श्रेणियों के मरीजों को 2750 रुपए प्रतिमाह पैंशन मिलनी शुरू हो जाएगी। अहम पहलू यह है कि कुरुक्षेत्र में कैंसर की तीसरी व चौथी स्टेज के 75 तथा हीमोफीलिया-थैलेसीमिया के 35 मरीजों का पंजीकरण किया जा चुका है। इन मरीजों को 10 अक्टूबर से पैंशन मिलनी शुरू हो जाएगी। सीएमओ डा. सुखबीर सिंह ने 55 दुर्लभ बीमारियों के मरीजों से अपील करते हुए कहा कि जो मरीज सरकार द्वारा निर्धारित दुर्लभ बीमारियों के तहत अपना इलाज दूसरे अस्पतालों में करवा रहे है, वे मरीज मासिक पैंशन के लिए अपना आवेदन एलएनजेपी अस्पताल के एनसीडी यूनिट में कर्मचारी नवनीत सिंह व एनएचएम सोसायटी के कर्मचारी गौरव कुमार के पास जमा करवा सकते है ताकि इन 55 दुर्लभ बीमारियों के मरीजों को भी सरकार की पैंशन योजना का लाभ मिल सके। इन कर्मचारियों के अलावा नोडल अधिकारी डा. कृष्ण दत्त से भी मरीज संपर्क कर सकते है। इसके लिए सरकार ने कुछ यिम भी निर्धारित किए है। यह मरीज हरियाणा का स्थाई निवासी होना चाहिए और वार्षिक पारिवारिक आय 3 लाख रुपए से कम होनी चाहिए।

# अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर गुमटी के विज्ञान अध्यापक राकेश सपरा हुए सम्मानित

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र /शाहाबाद (दलबीर मलिक)**अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर नवोदय क्रांति परिवार की तरफ से जिला कुरुक्षेत्र में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया है जिसमें मुख्य अतिथि सीटीएम हरमनप्रीत कौर , मुख्यमंत्री सुशासन अधिकारी नंदन , जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा, जिला मौलिक शिक्षा



अधिकारी विनोद कौशिक, उप जिला शिक्षा अधिकारी राजकुमार तुषार ,खंड शिक्षा अधिकारी थानेसर इंदू कौशिक, खंड शिक्षा अधिकारी शाहबाद से एस एस आहूजा, खंड शिक्षा अधिकारी पेहवा वीरेंद्र गर्ग ने समारोह में भाग लिया। खंड शाहबाद से राजकीय माध्यमिक विद्यालय गुमटी से विज्ञान अध्यापक राकेश सपरा को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र जिला के शिक्षा एवं शिष्य के प्रति समर्पित अन्य अध्यापकों को सम्मानित किया गया।

## अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत, 06 अक्टूबर. डॉ. बी. आर. अम्बेडकर राष्ट्रीय** विधि विश्वविद्यालय, राय (सोनीपत) के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम लाइब्रेरी द्वारा कुलपति प्रो अर्चना मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम शैक्षणिक ब्लॉक में आयोजित किया. निम्बस ऑनलाइन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विश्वविद्यालय के छात्र छात्रों को प्रशिक्षण दिया. लाइब्रेरियन सीताराम शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को निंबस एम लाइब्रेरी पोर्टल (मोबाइल एप्लिकेशन और वेब) के उपयोग के बारे में जागरूक करना है.

## त्योडा स्कूल के छात्रों ने फसल अवशेष प्रबंधन के प्रति जन चेतना रैली निकालकर किया लोगों को जागरूक

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय त्योड़ा में छात्रों द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन के ऊपर जन चेतना रैली निकाली गई ।यह कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से आए हुए समय सिंह और विक्रम सिंह के द्वारा सभी स्टाफ सदस्यों की सहायता से इस रैली का आयोजन किया गया। मुख्याध्यापक ज्ञानचंद सैनी ने बताया की खेतों में अवशेष के रूप में बची प्राली को जलाने से जमीन की उर्वरा शक्ति खत्म हो जाती है। जलने से धूआ वातावरण को प्रदूषित करता है। और इसके साथ-साथ जिन व्यक्तियों को




सांस की बीमारी है, उनको सांस लेने में तकलीफ होती है । कई बार धूएं से व्यक्ति की मौत भी हो जाती है। मुख्याध्यापक ज्ञानचंद सैनी ने बताया की पराली को नहीं जलाना चाहिए। इस रैली को लेकर छात्रों में काफी उत्साह देखा गया और छात्रों को बताया गया कि अपने घर-घर जाकर इससे होने वाले नुकसान से बचने के लिए अपने-अपने मां-बाप को समझाएं। इस मौके पर स्टाफ सदस्य आशिमा , राजकुमारी ,गुरप्रीन ,नरेश ,रामदिया ,कुलबीर , अतुल , पंकज गॉड व राम कुमार उपस्थित रहे।

## बादशाही बाग गुरूद्वारा में जल्द बनेगा हरा भरा बाग

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला शहर** बादशाही बाग गुरूद्वारा में कुछ ही दिनों बाद एक सुदंर व मनमोहक बाग बनकर तैयार हो जाएगा। जिसके लिए गुरूद्वारा प्रबंधन कमेटी ने काम शुरू कर दिया है। गौरतलब कि गुरूद्वारा बादशाही बाग एक ऐतिहासिक गुरूद्वारा है। गुरूद्वारा के नाम के साथ बाग जुड़ा है इसी के चलते यहां पर बाग जरूर बनना चाहिए। जिसके लिए गुरूद्वारा प्रबंधन द्वारा पौधे लगाने के लिए जीरकपुर की श्री गंगा नरसर्री के मंजीत सिंह को सेवा सौंपी गई है।

# छावनी के रेलवे स्टेशन पर हादसों को न्यौता दे रही कंटीली तारें

**यात्री परेशान**

**8 अब रेलवे स्टेशन आने जाने के लिए गेट नंबर एक व गेट नंबर दो का ही प्रयोग करना होगा**



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) अंबाला** छावनी रेलवे स्टेशन के मेन गेट फवारे के सामने स्थित पैदल यात्रियों के बाहर जाने के रास्ते को एक बार फिर से बंद कर दिया गया है।
यहां पर कंटीली तारों के साथ-साथ लोहे के बोर्ड लगा दिए गए है जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक की थ्री व्हीलर चालकों की रोजी-रोटी पर भी इसका असर दिख रहा है। एकता ऑटो यूनियन के संजय ने बताया कि गत दिवस यहां पर कर्मचारियों द्वारा लोहे के बोर्ड लगाते हुए रास्ता बंद कर दिया गया है।
जब उनसे पूछा गया कि इस रास्ते को क्यों बंद किया जा रहा है। तो उनका कहना था कि अधिकारियों के आदेशानुसार यह कार्यवाही की जा रही है।
अब रेलवे स्टेशन आने जाने के लिए गेट नंबर एक व गेट नंबर दो का ही प्रयोग करना होगा।
वहीं थ्री व्हीलर चालकों ने रोष जताते हुए कहा कि प्लेटफार्म नंबर एक के मुख्य द्वार से होते हुए यात्री फ्लाई ओवर के नीचे से थ्री व्हीलर व बसें लेते थे लेकिन अब रास्ता बंद होने से यात्रियों को परेशानी हो रही है। तथा वहां लगई कंटीली तारे हादसों का कारण बन रही है।

## पॉलिटेक्निक में अग्निवीर वायु भर्ती पर सेमिनार आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
राजकीय बहुतकनीकी संस्थान अंबाला शहर मे भारतीय वायुसेना अंबाला कैंट द्वारा अग्निवीरवायु भर्ती पर सेमिनार का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम मे भारतीय वायुसेना अंबाला कैंट से सारजेंट मनीष कुमार व कारपोरल महोम्मद परवेज द्वारा विद्यार्थियो को अग्निवीरवायु भर्ती के विषय पर बहुमुल्य जानकारी उपलब्ध करवाई गई। इस सैमिनार मे विद्यार्थियो को बताया गया कि वो कैसे अग्निवीरवायु बनकर देशसेवा कर सकते है । इस सैमिनार मे विद्यार्थियो को अग्निवीरवायु बनने के लिए शैक्षणिक योग्यता , उम्र, वेतन भत्तो इत्यादि से संबधित जानकारी वायुसेना अधिकारियो द्वारा दी गई। इस अवसर पर सारजेंट मनीष कुमार ने विद्यार्थियो को बताया कि वे डिप्लोमा कोर्स करने के बाद अग्निवीरवायु भर्ती के लिए सीधा आवेदन कर सकते है । उन्होने बताया कि अग्निवीरवायु भर्ती प्रक्रिया तीन चरणो मे आयोजित की जाती है और यह पुरी भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संपन्न होती है ।उन्होने बताया कि आवेदक का आनलाइन लिखित परीक्षा के बाद शरीरिक परीक्षण व शरीरिक दक्षता परीक्षण के बाद चयन हो जाता है । इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य ड़ा. राजीव सपरा ने वायुसेना अधिकारियो का आभार जताया और बताया कि हमारे ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थी कैसे रोजगार प्राप्त कर सकते है इसको लेकर संस्थान मे तरह तरह के सैमिनार का आयोजन समय समय पर किया जाता है ।इस सैमिनार मे मंच संचालन श्री भारत भुषण द्वारा किया गया । इस अवसर पर मैकेनिकल विभागाध्यक्ष ड़ा.जगजीत सिंह नारंग, मनीष पाटीदार , मोहित सैनी व बड़ी संख्या मे विद्यार्थी उपस्थित थे।

# कर्मचारियों की मांगों को लेकर की बैठक: विनोद

## कर्मचारियों की मांगों को लेकर संगठन दिन रात प्रयासरत

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत आज हरियाणा** गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन रजिस्टर नंबर 41 कैम्प कार्यालय करनाल मुख्यालय चरखी दादरी की शाखा पब्लिक हेल्थ सोनीपत का संस्था शिष्टमंडल ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा की अध्यक्षता में उपमंडल अभियंता प्रदीप कुमार के साथ सोनीपत कार्यालय नियर जिला टैस्टिंग लैब में सुबह 11 बजे मिले। ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा ने बताया कि कर्मचारियों की मांगों को लेकर संगठन दिन रात प्रयासरत हैं। कर्मचारियों की मांगों



को पूरा कराने को लेकर संगठन लगातार विभाग के अधिकारियों के साथ मैराथन मीटिंग्स कर रहा है। इसी कड़ी में शाखा पब्लिक हेल्थ का संस्था शिष्टमंडल उपमंडल अभियंता श्री प्रदीप कुमार जी से मिला और उपमंडल स्तर पर लंबित पड़ी मांगों को पूरा कराने को लेकर विभाग के आला अधिकारियों को पेंडिंग पड़ी मांगों की डिटेल और उनकी अप्रूवल के लिए पत्र व्यवहार करें। ताकि संगठन विभाग के आला अधिकारियों से मिलकर उन सभी लंबित पड़ी मांगों को पूरा करा सकें। और कर्मचारियों में उत्पन्न भारी रोष को समाप्त करा सकें।
**कर्मचारियों की मुख्यत मांगे:** पेंडिंग पड़े जीपीएफ मेडिकल एलटीसी बिलों के भुगतान, जर्जर पड़े स्टाफ क्वार्टर जलघरों साइडों आदि की मुरम्मत, बकाया साबुन तेल सेफ्टी किट जूते डांगरी रेनकोट टूल किट की डिमांड, सभी साइडों पर पंखे कुर्सी आदि का प्रबंध करने आदि मांगों को लेकर बातचीत हुई। मीटिंग में उपमंडल अभियंता ने अपने स्तर की सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।

## रेलवे कॉलोनी जाने वाले दोनो अंडरब्रिज मे पानी की समस्या जल्द हल होगी: ओंकार सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) शास्त्री** कॉलोनी व रेलवे कॉलोनी जाने वाले दोनो अंडरब्रिज मे खड़े होने वाले पानी की समस्या का जल्द समाधान करने के लिए इनेलो प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह ने डीआरएम अम्बाला सरदार मंदीप सिंह भाटिया जी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान रेलवे कॉलोनी जाने वाले अंडरब्रिज और बाजीगर कॉलोनी अम्बाला छावनी से शास्त्री कॉलोनी व रेलवे कॉलोनी जाने वाले अंडरब्रिज मे पानी खड़े होने से स्थानीय जनता को होने वाली परेशानी से अवगत करवाया गया और समस्या के समाधान के लिए अपील की। समस्या सुनने के पश्चात उन्होंने शीघ्र इस समस्या के कारणों का पता लगाकर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। डीआरएम अम्बाला का दिल की गहराइयाँ से धन्यवाद व आभार प्रगट करते हुए उन्होंने कहाकि आज विश्र मे साइंस व टेक्नोलॉजी ने इतनी प्रगति कर ली है कि समुन्द्र मे से टंनल बनाकर ट्रेन चलाने की व्यवस्था हो चुकी है और हमारे यहां सीलन व पानी के लेवल ऊंचा होने करके अंडरब्रिज के पानी भरने की समस्या का समाधान नही हो पा रहा। उम्मीद की जा सकती है कि शीघ्र ही शास्त्री कॉलोनी व रेलवे कॉलोनी आने जाने वाले हजारो लोगो को जल्द ही इस समस्या से निजात मिल पाएगी।

# उपायुक्त वंदना राव ने किया लाल बाग क्षेत्र का दौरा






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
संगम पार्क वार्ड के अन्तर्गत आने वाले लाल बाग क्षेत्र का दौरा केशवपुरम जोन की उपायुक्त वंदना राव ने किया। इस मौके पर उपायुक्त के साथ स्थानीय निगम पार्षद सुशील कुमार जोन्टी मौजूद रहे।
निगम पार्षद सुशील कुमार जोन्टी ने बताया कि शुक्रवार को उपायुक्त वंदना राव का लालबाग क्षेत्र में दौरा करवा समस्याओं से अवगत कराया गया। उन्होंने आगे बताया कि जल्द ही पार्क का सौंदर्यकरण किया जायेगा। वर्षो से कौशलपुरी के निवासी खुले पार्को में शौच के लिये मजबूर थे, वहां पर 40 सीटर शौचालय का निर्माण किया जायेगा।
इस मौके पर निगम पार्षद सुशील कुमार ने आगे बताया कि उपायुक्त ने जनता की समस्याएं को गंभीरता से सुना और उनकी समस्या के समाधान का उचित आश्वासन दिया। निगम पार्षद ने जानकारी देते हुए बताया कि मलेरिया विभाग के द्वारा वार्ड में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, निगम के कर्मचारी घर-घर जाकर लोगों को डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया से बचने के उपाय बता रहे है।

# नंगलीपूनाः देवेंद्र यादव ने की खिलाड़ियों की हौसला अफजाई



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
नेशन फर्स्ट फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित चौधरी न्यादर सिंह मेमोरियल ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता के तहत पीएसआर क्रिकेट ग्राउंड नंगलीपूना में क्रिकेट का पहला मैच राजे राम स्पोर्ट्स क्लब यादव नगर बनाम प्रह्लादपुर के बीच खेला गया। जिसमें मैन ऑफ द मैच राजेश के शानदार 4 विकेट की बदौलत यादव नगर ने 7 विकेट से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में जगह बनाया।
दूसरा मैच कादीपुर क्रिकेट ग्राउंड मेंमें एस एन एलेवन स्वरूप नगर बनाम किंग्स इलेवन कराला के बीच खेला गया, जिसमे मैन ऑफ द मैच धर्मेंद्र के शानदार गेंदबाजी की। बदौलत स्वरूप नगर ने 40 रनो जीत हासिल कर सेमीफाइनल में जगह बनाया। तीसरा मैच पीएसआर क्रिकेट ग्राउंड नंगलीपूना में किरारी बनाम भोरगढ नरेला के बीच खेला गया। जिसमें अक्षय सैनी के शानदार आलराउंडर प्रदर्शन 97 रन व 1 विकेट की बदौलत भोरगढ नरेला ने 59 रनों जीत हासिल कर सेमीफाइनल में जगह बनाया। मैन ऑफ द मैच अक्षय सैनी ने सहयोगात्मक खेल भावना की मिशाल पेश किया और अपनी टीम के लिए शानदार 93 रन बनाने वाले बल्लेबाज प्रतीक भारद्वाज को अपनी मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार समर्पित किया। चौथा मैच कादीपुर क्रिकेट ग्राउंड में बवाना बनाम जेडीएम क्रिकेट क्लब कराला के बीच खेला गया, जिसमे मैन ऑफ द मैच प्रियांक सेहरावत के शानदार आलराउंडर प्रदर्शन 89 और 1 विकेट की बदौलत बवाना ने 50 रनों से जीत हासिल कर सेमीफाइनल मे प्रवेश किया। नेशन फस्ट फाउंडेशन के संस्थापक देवेंद्र यादव ने सभी विजयी टीम के खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया और कहा कि चौ. न्यादर सिंह यादव ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता में खेलने वाले लगभग सभी खिलाड़ी ग्रामीण पृष्ठभूमि से है, जिन्होंने अभी तक के खेल मे अपना-अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सेमी फाइनल में जगह बनाई है, साथ ही सभी टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल भावना के तहत खेला है।



संजय सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में प्रचंड प्रदर्शन करते हुए वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व अन्य कार्यकर्ता।

# अरविन्दर सिंह लवली के नेतृत्व में भाजपा मुख्यालय का हजारों कार्यकर्ताओं ने किया घेराव






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राहुल** गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से बौखलाई भारतीय जनता पार्टी ने जिस तरीके से राहुल गांधी का अपने अधिकृत सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर उपहास उड़ाया है, उससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम जनता में भाजपा के खिलाफ जबरदस्त गुस्सा है। प्रदेश कांग्रेस ने इस मुद्दे पर आक्रामक रुख अख्तियार करते हुए आज दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली के नेतृत्व में गुस्साऐं हजारों कार्यकर्ताओं ने भाजपा मुख्यालय का घेराव किया।
श्री लवली के अलावा हजारों कार्यकर्ताओं को सुभाष चौपड़ा, हारुन यूसूफ, रमेश कुमार, कृष्णा तीरथ, हारुन यूसूफ, राजकुमार चौहान, किरण वालिया, डा. नरेन्द्र नाथ, मंगतराम सिंघल, रमाकांत गोस्वामी, मनीष चतरथ, देवेन्द्र यादव, अल्का लांबा व मुकेश शर्मा ने भी संबोधित किया। मुकेश शर्मा ने कहा कि पुलिस ने कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया था, बाद में टेम्पो से चेतावनी देने के बाद आला अफसरों ने उन्हें रिहा कर दिया। गुस्साएं कार्यकर्ताओं को शांत करने के लिए पुलिस को अरविन्दर सिंह लवली व अन्य नेताओं से अनुरोध करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों में नसीब सिंह, जय किशन, चौधरी मतीन अहमद, आसिफ मौहम्मद, भीष्म शर्मा, अमरीश गौतम, पूर्व विधायक हरी शंकर गुप्ता, सुरेन्द्र कुमार, कुंवर करण सिंह, नीरज बसौया, वीर सिंह धींगान, शीश पाल, कंवल सिंह यादव, विपिन शर्मा, विजय लोचव, सुमेश शौकीन, ब्रहम यादव, चतर सिंह, सतवीर सिहं, मुदित अग्रवाल, जितेन्द्र कुमार कोचर, अमित मलिक, जगप्रवेश कुमार, जिला अध्यक्ष मनोज यादव, दिनेश कुमार, जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज, सतबीर शर्मा, राजेश चौहान, विरेन्द्र कसाना, जुबैर अहमद, गुरचरण सिंह राजू, निगम पार्षद मंदीप शौकीन, समीर अहमद, अरीबा खान, हाजी जरीफ, शीतल, नाजिया दानिश, नाजिया खातून, शगुफ्ता चौधरी, सबिला बेगम, जयकरण चौधरी, परमेन्दर शर्मा, राजीव शर्मा, सतपाल पहलवान, मौहम्मद उस्मान,पूर्व जिला अध्यक्ष हरी किशन जिंदल, इन्द्रजीत सिंह, तरुण कुमार, अली मेंहदी, कमलकांत शर्मा, जगजीवन शर्मा मौजूद रहे।

# हंसराज अहीर ने अखिल भारतीय यादव महासभा अहीर के कार्यालय का किया उद्घाटन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
देश में समाज को एकजुट करने और यादव समाज की आवाज को बुलंद करने के मकसद से आज कई सामाजिक संस्थाओं द्वारा अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। इसी फेहरिस्त में यादव समाज की आवाज को आगे बढ़ाने की श्रृंखला में दिल्ली के छतरपुर इलाके में अखिल भारतीय यादव महासभा अहीर के राष्ट्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर ओबीसी कमीशन भारत सरकार के चेयरमैन हंसराज अहीर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे, वहीं विशेष अतिथि के रूप में अनिल गुरुजी (चेयरमैन, जेल उत्तर प्रदेश सरकार), सुनील यादव (अध्यक्ष, ओबीसी मोर्चा दिल्ली प्रदेश भाजपा) सहित कई अन्य महानुभावों ने विधिवत रूप से रिबन काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। साथ ही इस अवसर पर बड़ी संख्या में यादव समाज के सदस्य मौजूद हुए। इस कार्यक्रम के माध्यम से यादव समाज को शिक्षा और रोजगार के स्तर पर आगे बढ़ाने की ओर जोर दिया गया। इस मौके पर जातिगत जनगणना पर भी विशेष चर्चा की गई। हालांकि कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि ने सर्व समाज को एक साथ आगे लेकर चलने की बात कही, और कहा कि इस कदम से समाज को और अधिक बल मिलेगा। कार्यक्रम में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक यादव सहित कई प्रदेशों के अध्यक्ष व राष्ट्रीय पदाधिकारी उपस्थित हुये। कार्यक्रम का आयोजन महासभा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष करण सिंह यादव ने किया। ज्ञात हो की करण सिंह यादव सामाजिक व राजनीतिक रूप से काफी पुराने व धैर्यवान व्यक्ति है जो हमेशा सामाजिक कार्यों मे बढ़-चढ़ कर भाग लेते हैं।

# उत्तर-पूर्वी दिल्ली में युवाओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति के प्रति किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तर**-पूर्वी दिल्ली में अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह के अन्तर्गत नशा मुक्ति दिवस पर अणुव्रत समिति ट्रस्ट दिल्ली के माध्यम से नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया।
जिसमें कई जगह पर नुक्कड़ नाटक कर स्थानीय निवासियों और बच्चों को नशे से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया और नशा न करने की शपथ दिलाई नुक्कड़ नाटक के स्क्रिप्ट राइटर एवं निर्देशन मोहित कुमार ने किया। जिसमें श्रेया सहाय, सूत्रधार करीना, पात्र निशा, अदीबा, निशा की टीचर वंशिका, निशा के पिता कैफुल वार, निशा की मां काजल, आरती स्वास्थ्य पर्यवेक्षक अलीशा बने। जिन्होंने एक छोटी सी लड़की की कहानी दिखाई जो पढ़ने में अच्छी थी पर पिता के नशा करने से डरी सहमी रहती थी पर जब उसकी टीचर को पता चला तो उनके कदम से कैसे उसके पिता में सुधार आया और उन्होंने नशा छोड़ा नाटक के मंचन में दिखाया गया। जिसमें आयुष मार्डन पब्लिक स्कूल सादतपुर विस्तार, बघेल चौक पर प्रधानाचार्या मंदाकिनी स्कूल स्टाफ और बच्चों ने भाग लेते हुए एक रैली भी निकाली। वहीं दक्ष उद्धार ट्रस्ट द्वारा दयाल पुर करावल नगर में नाटक का मंचन किया गया। जिसमें सहयोग पंकज कुमार, अजय सिंह नेगी, रूपेश सारस्वत का रहा तथा गोकलपुरी में प्रतिष्ठा युवा संगठन के सहयोग से नुक्कड़ नाटक का मंचन करवाया गया। कार्यक्रम में सहयोग अणुव्रत समिति के दिनेश, मोहित, दिल्ली पुलिस, गैर सरकारी संस्था, स्थानीय निवासियों के साथ कालू भाई, शिवम, नस्मू, आजाद सावरिया, अरविंद शर्मा आदि का रहा।

# जहांगीरपुरी में चौथे विशाल फुटबॉल टूनामेंट का हुआ आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के आदेश अनुसार सम्राट क्लब की ओर से चौथे विशाल फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में भलस्वा वार्ड के निगम पार्षद अजीत यादव मौजूद रहे। इस दौरान निगम पार्षद अजीत यादव ने सभी खिलाड़ियों के साथ हाथ मिलकर सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और उनको हार्दिक शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर निगम पार्षद अजीत यादव ने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। इसलिए सभी को इस प्रकार के कार्यक्रम अधिक से अधिक करने चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि खेलना हमारे शारीरिक दक्षता और क्षमता को बढ़ाता है। यह हमारे हृदय को मजबूत बनाता है, रक्त परिसंचरण को बढ़ाता है और मोटापे को कम करता है। खेल करने से हमारे शरीर की मांसपेशियाँ मजबूत होती हैं।

# ग्रीन पटाखों को छोड़कर सभी पटाखों के निर्माण, बिक्री, फोड़ने पर रोक : जिलाधीश

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने ग्रीन पटाखों को छोड़कर सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री, फोड़ने और उपयोग पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। जिला की सीमा के भीतर आतिशबाजी में बेरियम लवण पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। क्योंकि इससे भारी वायु/ध्वनि प्रदूषण और ठोस अपशिष्ट की समस्या होती है। इसलिए, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सुझाव पर सरकार से प्राप्त निदेर्शों के अनुपालन में विक्रम सिंह, (आईएएस), जिला मजिस्ट्रेट ने सीआरपीसी की धारा 144 के आधार पर शक्तियों का प्रयोग करते हुए 1973, विस्फोटक अधिनियम, 1884 और विस्फोटक मैग नियम और जिला मजिस्ट्रेट, के रूप में अन्य सक्षम शक्तियां इसके द्वारा संयुक्त पटाखों की लारिस की श्रृंखला के पटाखे और केवल ग्रीन पटाखों को छोड़कर सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री, फोड़ने और उपयोग पर रोक लगाई हैं।

रोक कब तक रहेगी जारीः-

जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि यह रोक 01-11-2023 से 31-01-2024 की अवधि के लिए, जिला की सीमा के भीतर पटाखों के अलावा आतिशबाजी में बेरियम लवण पर प्रतिबंध लगाया गया है, क्योंकि इससे भारी वायु/ध्वनि प्रदूषण और ठोस अपशिष्ट की समस्या होती है। ।

ग्रीन पटाखों की छूट इस प्रकार होगी-

जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि दिवाली के दिन या गुरु पर्व आदि जैसे किसी अन्य त्योहार पर, जब ऐसी आतिशबाजी आम तौर पर होती है, तो यह रात 08:00 बजे से 10:00 बजे तक होगी। क्रिसमस और नए साल की पूर्व संध्या पर आधी रात यानी 12:00 बजे रात से सुबह 11:55 बजे तक भी ऐसी आतिशबाजी शुरू हो जाती है। इसके अलावा, फ्लिपकार्ट, अमेजन आदि सहित कोई भी ई-कॉमर्स वेबसाइट किसी भी ऑनलाइन ऑर्डर



को स्वीकार नहीं करेगी और जिला में ऑनलाइन बिक्री को प्रभावित नहीं करेगी। जिलाधीश ने कहा कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय के आदेश 2021 एवं एनजीटी के ऑर्डर का सख्ती से अनुपालन कराया जाएगा।

इन अधिकारियों को दिए दिशा निदेर्शः-

जिलाधीश विक्रम सिंह ने इसके अलावा, क्षेत्रीय अधिकारी, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, फरीदाबाद/बल्लभगढ़ को निर्देश दिया जाता है कि वे नियमित रूप से हवा की गुणवत्ता की निगरानी करें और माननीय

**प्रदूषण**

**8 जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा, भारी वायु/ध्वनि प्रदूषण और ठोस अपशिष्ट की समस्या होती है**

शीर्ष न्यायालय और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निदेर्शों के अनुसार संबंधित वेबसाइटों पर डेटा अपलोड करें। सभी विभागों/बोर्डों/निगमों/व्यक्तियों को इसके लिए पूर्ण सहयोग बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। वहीं पुलिस आयुक्त विभाग, आयुक्त नगर निगम, फरीदाबाद के सभी उपमंडल मजिस्ट्रेट, सभी तहसीलदार/नायब तहसीलदार/बीडीपीओ, डीएसपी, ई.ओ./सचिव, सभी पुलिस स्टेशनों के एस.एच.ओ., अग्निशमन अधिकारी और अन्य अग्निशमन कार्यालय कर्मचारी इस आदेश को तुरंत लागू करेंगे। इन सभी अधिकारियों को निर्देश दिया जाता है कि वे इस आदेश को लागू करने के लिए छापेमारी करें और दैनिक आधार पर इसकी रिपोर्ट जिलाधीश के कार्यालय में जमा करें।

उल्लंघना करने पर यह होगी कानूनी कार्रवाईः-

जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि इन आदेश का अनुपालन न करने/उल्लंघन करने पर भारतीय दंड संहिता, विस्फोटक अधिनियम 1884 और विस्फोटक नियम, 2008 की प्रासंगिक धारा के अनुसार प्रासंगिक दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। ट्रिब्यूनल ऑन इट्स मोशन बनाम पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और अन्य है, जिसके तहत माननीय राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल/ ठ्रक्ष्ठ ने कोविड/ उडश्क्‍ऊ-19 के दौरान सभी प्रकार के पटाखों की बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया था। एनसीआर और देश के सभी शहरों/कस्बों में महामारी, जहां परिवेशीय वायु गुणवत्ता खराब और उससे ऊपर की श्रेणी में है, उन शहरों/कस्बों में पटाखों के उपयोग को प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए गए हैं, जहां हवा की गुणवत्ता मध्यम या केवल ग्रीन पटाखों तक ही सीमित है। वहां भी 2 घंटे से अधिक की अवधि के लिए और केवल किसी निर्दिष्ट त्योहार या अनुमत अवसरों के उत्सव के लिए छूट दी गई है।

इसलिए जरूरी है आदेशों की पालना

जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा सर्वोच्च न्यायालय के 2019 और 2021 में जारी निदेर्शों को दोहराते हुए कहा कि आतिशबाजी में नाइट्रेट होता है। जबकि, उपरोक्त उल्लिखित आदेश को अस्वीकार करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने टिप्पणी की थी कि "इस स्तर पर बेरियम नाइट्रेट के उपयोग की अनुमति केवल इसलिए दी गई है, क्योंकि यह संकेत दिया गया है कि समग्र रूप से इसका फॉमूर्लेशन 30 प्रतिशत कम प्रदूषणकारी होगा, वास्तव में यह प्रतिगामी होगा। जनहित में ग्रीन क्रैकर्स को छोड़कर सभी प्रकार के पटाखों (सीरीज क्रैकर्स या लारिस) और सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री और उपयोग पर रोक लगाई गई है।

क्यों जरूरी है प्रतिबंध लगानाः-

जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि सर्दियों के दौरान, विशेष रूप से अक्टूबर से जनवरी के महीनों में बढ़ता प्रदूषण, एक गंभीर स्वास्थ्य चिंता का विषय है, विशेष रूप से पीएम 2.5 और पीएम 10 जैसे पार्टिकुलेट मैटर्स (पीएम) के उच्च स्तर के संबंध में, जो राष्ट्रीय परिवेश वायु गुणवत्ता मानकों (एनएए क्यूएस) मानकों से अधिक है। वहीं, वायु प्रदूषण से संबंधित कई विशेषज्ञों की टिप्पणियां और अन्य रिपोर्ट आई हैं। उन्होंने संकेत दिया कि इस समय अवधि के दौरान, हरियाणा राज्य में वायु प्रदूषण अपने चरम पर है।यह भी देखा गया है कि सर्दियों के महीनों के दौरान होने वाली विभिन्न घटनाओं से हरियाणा राज्य में प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### हर हर गंगे मैया के नारों की गूंज के साथ श्रद्धालुओं से भरी बस पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल के कार्यालय से हरिद्वार के लिए हुई रवाना

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** साथियों पूर्व उद्योग मंत्री द्वारा शुरू की गयी नमो तीर्थ यात्रा की मुहीम लगातार उनके कार्यालय से जारी है कल रात पुनः पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल के कार्यालय से उनकी अनुपस्थिति मे उनके भतीजे अमन गोयल द्वारा तीर्थयात्रियों कों हरिद्वार के लिए बस कों झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों ने जमकर विपुल गोयल जिन्दाबाद और गंगे मैया के नारे लगाकर खुशी जाहिर की। आपको बतादें नमो तीर्थ यात्रा में फरीदाबाद विधानसभा के एसी नगर और ओल्ड फरीदाबाद के ठाकुर मोहल्ला व विधानसभा के अलग अलग एरिया से यात्री गंगा स्नान के लिए गए जोकि पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल द्वारा बस को निशुल्क भेजा गया आपको यहाँ बतादें की बतौर मंत्री रहते हुए भी पिछले नो वर्षो से विपुल गोयल लोगो की सेवा करते आ रहे है और गोयल अब तक लाखो तीर्थ यात्रियों को हरिद्वार के अलावा शिर्डी, वैष्णो देवी, खाटू श्याम व अयोध्या भेज चुके हैं ।

इस मोके पर गंगा स्नान पर जाने वाले श्रद्धालुओं ने पूर्व उद्योग मंत्री को शुभकामनायें दी और गंगा मैया के जयकारे लगाते हुए अपनी नमो तीर्थ यात्रा की शुरूआत की। इस मोके पर युवा नेता अमन गोयल ने सभी कों शुभकामनायें देते हुए मंगल यात्रा की कामना की। इस कार्यक्रम में मनीष राघव, सोनू शर्मा, पंडित सुरेंद्र बबली, कमल सैनी, पार्थ पाराशर, सीमा भारद्वाज, बलराज सिंह, अमित बंसल, जगबीर पहलवान, रेनू मलिक व अन्य काफी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मूलभूत सुविधाएं हुई एनआईटी -86 क्षेत्र की जनता के लिए सपना- धर्मवीर भड़ाना



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** एनआईटी विधानसभा क्षेत्र की जनता के लिए मूलभूत सुविधाएं एक ख्वाब की तरह हो गई है । क्षेत्र में ना बिजली भरपूर मिलती है ना पानी है, ना सड़क है, ना सीवर है । क्षेत्र की जनता हर तरह की सरकारी सुविधाओं के लिए तरस रही है । यह कहना है आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना का जिन्होंने परिवार जोड़ो अभियान के तहत जवाहर कॉलोनी में जनसंपर्क अभियान चलाया । धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में ही गोंछी नाला है जो कूड़े से पूरी तरह से भरा हुआ है । ऐसा लगता है कभी उसकी सफाई हुई ही नहीं है । नाले के आसपास के रहने वाले हजारों लोग गंदगी से बीमार हो रहे हैं । गलियों में सीवर का पानी भरा हुआ है । ऐसा प्रतीत होता है कि नगर निगम के कर्मचारी कभी क्षेत्र कालोनियों में जाते ही नहीं । उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी क्षेत्र की जनता का दुख दर्द समझ रही है और सरकार बनते ही सभी दुख दर्द दूर किए जाएंगे । इस मौके पर जिला सचिव मेहर चंद हरसाना, प्रदेश प्रवक्ता नरेश शर्मा, हरजिंदर मेहंदी रत्ता, सुभाष बघेल, सचिन चौधरी ,अमित कुमार, राम गौर सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे ।

### आरोपी को क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 की टीम ने किया गिरफ्तार अदालत में पेश कर भेजा जेल।

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम हेमेन्द्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराध में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ करने के दिए गए दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 इंचार्ज जगबीर सिंह की टीम ने गौशाला से गाय चोरी करने वाले मामले में पीओ घोषित किया है। जिसको क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है।

## महिलाओं को वित्तीय सहायता दे कर रही हरियाणा सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**

हरियाणा की महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से महिलाओं के उत्थान तथा उन्हें अपने स्वयं के उद्यम स्थापित करने के लिए "व्यक्तिगत ऋण योजना" के अंतर्गत वित्तीय सहायता दी जा रही है, ताकि वे कृषि, उद्योग, व्यापार जैसे क्षेत्रों में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें।

कमलेश ढांडा ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

## राजकीय महाविद्यालय में भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा कार्यक्रम आयोजित

**मार्गदर्शन**

**8 कार्यक्रम के दौरान श्री राहुल वर्मा जी और विभा रानी जी द्वारा बच्चों का मार्गदर्शन किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद में आज दिनांक 06.10.2023 को प्राचार्या डॉक्टर रुचिरा खुल्लर के मार्गदर्शन में भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा भारतीय मापदंडों के बारे में विभिन्न प्रकार से जानकारी देने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहे फरीदाबाद



रीजन की डायरेक्टर मिस विभा रानी व भारतीय मानक ब्यूरो के ज्वाइंट डायरेक्टर श्री राहुल वर्मा जी । कार्यक्रम के दौरान श्री राहुल वर्मा जी और विभा रानी जी द्वारा बच्चों का मार्गदर्शन किया गया व उन्हें जानकारी दी गई कि कैसे उन्हें भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्धारित किए गए मापदंडों को देखने के बाद ही खरीदारी करनी चाहिए। इसके पश्चात भारतीय मानक ब्यूरो की नुक्कड़ नाटक टीम ने एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया जिसके माध्यम से उन्होंने एक बार फिर से भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्धारित किए गए मापदंडों के बारे में विस्तार से जानकारी दी साथ ही कुछ चलचित्र भी दिखाए गए, जिसमें सही और सटीक जानकारी में मापदंडों को जांचने के बारे में बताया गया । कार्यक्रम के अंत में भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा स्टैंडर्ड राइटिंग कंपटीशन भी आयोजित किया गया जिसमें 25 से 30 बच्चों ने भाग लिया व 5 विजेता विद्यार्थियों में उपहार बांटे गए जिसमें पहले स्थान पर रही सानिया, दूसरे स्थान पर रहे उदित मिश्रा व तीसरा स्थान प्राप्त किया कोमल झा ने । कार्यक्रम की कन्वीनर व इक्स की मेंटर डॉक्टर पारूल जैन ने भी कार्यक्रम के दौरान बच्चों का मार्गदर्शन किया व आगे होने वाले सर्वे में उनकी अहम भूमिका भी बताइ । संपूर्ण कार्यक्रम का मंच संचालन किया भौतिक विभाग की श्रीमती जन्नत खत्री ने जिन्होंने अपनी मोटिवेशनल स्पीच के माध्यम से कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाया व अपनी अहम भूमिका निभाई । कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के शिक्षक डॉक्टर विवेकानंद ने महाविद्यालय की ओर से भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से आई टीम का पौधा देकर स्वागत किया व इसी कड़ी में शामिल होते हुए भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से आई टीम ने प्राचार्या डॉक्टर रुचिरा खुल्लर, कन्वीनर डॉक्टर पारुल जैन व श्रीमती जन्नत खत्री को पौधा देकर स्वागत किया।

## थाना शहर बल्लबगढ़ की टीम ने ओयो चैक कर विजिटर का रिकॉर्ड मेंटेन करने के निर्देश दिए

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** पुलिस आयुक्त श्री राकेश कुमार आर्य के द्वारा महत्वपूर्ण स्थान, मॉल ,होटल बैंक और धर्मशाला, ओयो इत्यादि को चेक करने दिए गए निर्देश पर कार्रवाई करते हुए थाना शहर बल्लबगढ़ प्रभारी ने और उनकी टीम एरिया में आने वाले ओयो होटलों को चेक किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आज सर्च अभियान के तहत थाना शहर बल्लबगढ के प्रबंधक इंस्पेक्टर सतीश कुमार और पुलिस चौकी सेक्टर-3 इंचार्ज की टीम ने चौकी के एरिया में आने वाले ओयो को चेक किया और सुरक्षा के नियमों के बारे में अवगत



कराया और हिदायत दी कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की सूचना मिलते ही पुलिस को उसके बारे में सूचित करें ताथ ओयो में के एरिया में निगरानी के लिए सी.सी.टी.वी. कैमरे चैक किए गए। इसके साथ साथ आने जाने वालो की आईडी के साथ एंट्री होनी चाहिए और रजिस्टर तारीख वाइज मेंटैन होना चाहिए। किसी भी व्यक्ति को बिना आईडी के होटल में रुकने नही दिया जाए। बाहरी, अजनबी एवं संदिग्ध व्यक्तियों के बारे में पुलिस को तुरंत सूचित करे।

## कैथलः छात्रा से बाइक सवार युवकों ने छीना आईफोन

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**

हरियाणा के कैथल में देर शाम कॉलेज में पढ़ने वाली एक युवती का दो अज्ञात बाइक सवार आई फोन छीन कर फरार हो गए। युवती वारदात के समय किसी काम से ढांड रोड पर एक अस्पताल में जा रही थी। पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।थाना में दी गई शिकायत में अर्जुन नगर निवासी महक ने बताया कि वह कॉलेज में पढ़ाई करती है। उसके पास आई फोन 12 है। वह गुरुवार शाम के समय ढांड रोड पर शिव मंदिर के पास स्कूटी से डॉ. सुधीर जैन के अस्पताल जा रही थी, उसी समय दो बाइक सवार युवकों ने उसका फोन छीन लिया।

## सीनियर सिटीजन सेल प्रभारी इंस्पेक्टर माया व उनकी टीम ने 750 छात्र-छात्राओं को किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** साइबर अपराध नोडल अधिकारी डीसीपी हेडक्वार्टर अभिषेक जोरवाल के दिशा निर्देश के तहत सीनियर सिजटीन सेल प्रभारी इंस्पेक्टर माया ने अपनी टीम के साथ सेक्टर-8 के कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल 750 छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध और महिला विरुद्ध अपराध के संबधं में जागरुक करते हुए इससे बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य सिस्टर अनुपमा व स्कूल का स्टाफ मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल के सभागार में सभी छात्र- छात्राओं को साइबर अपराध के संबंध में जागरुक कर इससे बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। आजकल साइबर अपराध से लोगो को नए-नए तरिके से ठगा जा रहा है। जिसमें ठग सिम को 5 जी में बदलने के लिए कॉल, होम लोन के कॉल, लाटरी के कॉल इत्यादि के नाम पर लोगो को ठगने की कोशिश कर रहे है। हमें किसी को भी फोन पर ओटीपी सीसीवी नम्बर, एटीएम नम्बर, किसी भी लिंक पर क्लिक न करे और पेमेंट के लिए क्यूआर कोर्ड ने भेजे। उन्होने बताया कि बच्चो को गुड व बेड टच, सोशल मीडिया से होने वाले क्राइम, यातायात नियमों के प्रति जागरुक करने का काम कर रही है। प्रत्येक बच्चे को अपने अधिकारों का ज्ञान होना चाहिए ताकि वह इस समाज की बुराइयों से लड़ सके और अपने हक के लिए आवाज उठा सकें। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी इस सामाजिक जीवन में आज कल मुख्य रुप से सोशल मीडिया से होनो वाले क्राइम को देखते है। इसलिए सभी विद्यार्थी को सोशल मीडिया से होने वाले क्राइम से सावधान रहने व साइबर क्राइम से जागरुक रहने की आवश्यकता है। जिसमे बच्चे अपना अहम योगदान दें। इसके साथ ही विद्यार्थियों को गुड व बैड टच के बारे में जागरूक करते हुए उन्हें बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति ने गलत तरीके से स्पर्श करने की कोशिश करता है तो उसके बारे में अपने परिजनों को बताएं क्योंकि यदि वह इसका विरोध नहीं करेंगे वह फिर से उनके साथ गलत हरकत करने की कोशिश करेगा।

## श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने किए रोजगार के चार करार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने लॉजिस्टिक्स, ई- व्हीकल, ऑटो मोबाइल्स और गारमेंट्स के क्षेत्र में चार महत्वपूर्ण करार किए हैं। इन चार बड़ी कंपनियों में विश्वविद्यालय के विद्यार्थी ऑन द जॉब ट्रेनिंग करेंगे और साथ ही उनके लिए रोजगार के नए रास्ते भी खुलेंगे। युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता मामलों में मुख्यमंत्री के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (रि.) जे एस नैन और श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू की उपस्थिति में कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने इन चारों कंपनियों के अधिकारियों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए। श्री विश्वकर्मा



कौशल विश्वविद्यालय उत्तर भारत की सबसे बड़ी लॉजिस्टिक्स स्किल एकेडमी स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में बृहस्पतिवार को विश्वविद्यालय ने स्काई वेज ग्रुप के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए। स्काई वेज ग्रुप के एमडी यशपाल शर्मा ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए और उनके साथ माय लॉजिस्टिक्स गुरुकुल की सीईओ अल्पना चतुर्वेदी भी उपस्थित थीं। ई व्हीकल में नए इनोवेशन के लिए भी श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय तेजी से काम कर रहा है। ई व्हीकल निर्माण में विद्यार्थियों के भविष्य को देखते हुए विश्वविद्यालय ने ई-अश्व ऑटोमेटिव प्राइवेट लिमिटेड के साथ एमओयू किया है। कंपनी के सीईओ अभिनव बडोला ने कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा के साथ एमओयू का आदान-प्रदान किया। गारमेंट्स के क्षेत्र में रिटेल में रोजगार की अपार संभावनाओं को देखते हुए विश्वविद्यालय ने कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड के साथ एमओयू किया। कंपनी के हेड एचआर राजेश कुमार नायर ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। साथ ही ऑटोमोबाइल्स क्षेत्र में रोजगार के अवसरों को भुनाने के लिहाज से श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने ऑटोलेक के साथ एमओयू किया है।

# मानसून के बाद शुरू की जाएं सड़कों पर मरम्मत कार्य और परियोजनाएंः डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि मानसून के बाद शहर की सड़कों पर मरम्मत कार्य और नई परियोजनाएं यथाशिघ्र शुरू करवाना सुनिश्चित करें। साथ जिन सड़कों पर काम चल रहा है, वहां गुणवत्ता की जांच सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार पूरी तरह से करके आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। डीसी विक्रम सिंह आज शुक्रवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में जिला की सड़कों के निर्माण कार्य की विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर उन्हें दिशा-निर्देश दे रहे थे। वहीं समीक्षा बैठक में डीसी विक्रम सिंह ने पीडब्ल्यूडी



बीएंडआर , एमसीएफ, फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण, स्मार्ट सिटी और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की सड़कों के निर्माण कार्य की एक एक करके विभागवार समीक्षा की। फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एफएमडीए), पीडब्ल्यूडी बी एंड आर, एमसीएफ और स्मार्ट सिटी के तकनीकी अधिकारियों से विभाग वार एक एक करके सम्बन्धित सड्को की बिन्दुवार जवाब के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। डीसी विक्रम सिंह ने सेक्टर 15-15ए डिवाइडिंग सड़क का उन्नयन, सीनियर सेकेंडरी स्कूल से एसीपी कार्यालय तक की सड़क की विशेष मरम्मत और अंखिर चौक से सूरजकुंड तक का उन्नयन काम की जानकारी ली। वहीं डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि प्राधिकरण द्वारा निविदाएं जारी की गई परियोजनाओं, शहर में सड़क सुरक्षा में सुधार को बेहतर आवागमन का अनुभव प्रदान करने के लिए सड़क अवसंरचना का विकास एक महत्वपूर्ण एजेंडा है। शहर की विभिन्न सड़कों पर मरम्मत का काम चल रहा है और समय पर पूरा करने और गुणवत्ता मानकों का सख्ती से पालन किया जाए। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि शहर में मास्टर सड़कों के नए चिन्हित हिस्सों का उन्नयन करके उन हिस्सों की पहचान करके तत्काल मरम्मत की आवश्यकता है, क्योंकि उनकी स्थिति समय के साथ खराब हो गई है। जिन सड़कों को हरियाणा के शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) और फरीदाबाद नगर निगम (एमसीएफ) से एफएमडीए में स्थानांतरित कर दिया गया है। इन मास्टर सड़कों की विशेष मरम्मत को आगे बढ़ाने और जल्द ही काम शुरू करवाई जाएं।

**समीक्षा**

**8 डीसी ने पीडब्ल्यूडी बीएंडआर, एमसीएफ, एफएमडीए, स्मार्ट सिटी और एचएसवीपी की सड़को के निर्माण कार्य की समीक्षा**

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि वर्तमान में चल रही सड़क मरम्मत परियोजनाएं

फरीदाबाद शहर के भीतर तक पहुंच बनाने और कनेक्टिविटी में सुधार के लिए कई सड़क मरम्मत परियोजनाओं पर काम हो रहा है।

- यहां पर हो रहे सड्को के कार्यः-

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि इसके एनएच-19 से लेबर चौक तक, सेक्टर-15/16 की डिवाइडिंग रोड, वाईएमसीए चौक से बाईपास रोड तक सेक्टर 6/7 और 8/9 की मास्टर डिवाइडिंग रोड, सेक्टर 11-12 और 15-16 के साइकिल ट्रैक और फुटपाथ के साथ मास्टर रोड सहित तमाम सड्को की बारीकी से जानकारी ली। सड़क मरम्मत परियोजनाओं में ग्रेटर फरीदाबाद क्षेत्र की सड़कों का सुदृढ़ीकरण करना, सेक्टर 14-15 और 16-17 की डिवाइडिंग रोड की मास्टर सड़कों का उन्नयन करना, साइकिल ट्रैक विकसित करना, बड़खल रोड ओवर ब्रिज और नीलम रोड ओवर ब्रिज का पुनर्वास शामिल हैं।

समीक्षा बैठक में पीडब्ल्यूडी बीएंडआर के कार्यकारी अभियंता प्रदीप सिन्धु, एफएमडीए के कार्यकारी अभियंता तरवीन सोरोत, स्मार्ट सिटी के कार्यकारी अभियंता जीपी बधवा, एमसीएफ के कार्यकारी अभियंता ओमदत्त सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 07 अक्टूबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## दोबारा बनी कांग्रेस की सरकार तो होगी जाति जनगणना: प्रियंका

**कांकेर:** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में नगरीय निकाय एवं पंचायती राज महासम्मेलन में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने जातीय जनगणना को लेकर सियासी दांव चला है। उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में सत्ता वापसी पर कांग्रेस बिहार की तरह छत्तीसगढ़ में जातीय जनगणना कराएगी। प्रियंका ने कहा, छत्तीसगढ़ में बड़े-बड़े पोस्ट पर एससी-एसटी या पिछड़ा वर्ग के लोग हैं। ऐसे में प्रदेश जातीय जनगणना क्यों नहीं होनी चाहिए। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने जिले के गोविंदपुर स्थित खेल मैदान में उन्होंने सरकारी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। नगरीय निकाय एवं पंचायती राज महासम्मेलन में लगभग 866 करोड़ रुपये के 518 सार्वजनिक विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और आधा दर्जन कैबिनेट मंत्री भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भरोसे को बनाने में समय लगता है। सरकार के साथ अनुभव से भरोसा बनता है। ये अनुभव निष्ठा से बनता है। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर आपका भरोसा इसलिए आया है, क्योंकि ये सरकार कांग्रेस की विरासत को आगे बढ़ा रही है। कांग्रेस के जितने भी नेता रहे सबका यही प्रयास रहा कि आपकी समस्याओं को गहराई से समझा, इसीलिए आपका भरोसा बना है। उन्होंने कहा कि जब मेरी दादी यहां आई थी, तो उन्होंने स्वामी आत्मानंद जी से कहा था कि हम यहां का विकास कराएंगे। आज उसी बात को भूपेश बघेल सरकार आगे बढ़ा रही है। प्रियंका ने कहा कि बीजेपी के शासन काल में यहां हिंसा, भय और उत्पीडन का माहौल था।

# सीएम ने दी पीलीभीत को 248 करोड़ की सौगात

## तराई के क्षेत्र में ईको पर्यटन के विकास की अपार संभावनाएं, प्रदेश भर में वन विभाग ने विकसित किए 10 वेटलैंड

**टीम एक्शन इंडिया/पीलीभीत**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को पीलीभीत के मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस पहुंचकर वन्य जीव सप्ताह का समापन किया। उन्होंने पीलीभीत को 248 करोड़ की 26 परियोजनाओं की सौगात दी। उनका शिलान्यास और लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर वन विभाग के कई अधिकारियों को सम्मानित भी किया। इसके बाद जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि तराई के क्षेत्र में ईको टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं। चूका से लेकर कर्तनिया घाट, दुधवा और अमानगढ़ तक ईको टूरिज्म तेजी से बढ़ रहा है। वन विभाग ने 10 वेटलैंड विकसित किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य का अस्तित्व जीव जंतु



और जल पारिस्थितिकी तंत्र पर टिका हुआ है। भारतीय मनीषा में ही धरती को माता कहा है और हम सब इसके पुत्र हैं। जीव होने के नाते हम सभी का सह अस्तित्व है। जीव पालतू हो या जंगली। सब सह अस्तित्व पर निर्भर करते हैं। जीव जंतुओं और पारिस्थितिकी तंत्र पर संकट होगा तो मनुष्य के अस्तित्व पर भी संकट आ जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार लगातार विकास के लिए प्रयासरत है। हम सभी का विकास कर रहे हैं।

**दोगुनी हुई पीटीआर में बाघों की संख्या**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने संयुक्त सर्वे किया है। सर्वे में पीलीभीत टाइगर रिजर्व को प्रथम ग्लोबल अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि 2014 में पीलीभीत टाइगर रिजर्व में 25 बाघ थे। 2018 में बढ़कर इनकी संख्या 65 हुई है। राज्य में 173 बाघ थे।

## योगी ने गांगेय डॉल्फिन को दिया प्रदेश के जलीय जीव का दर्जा

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने पीलीभीत के मुस्तफाबाद से गांगेय डॉल्फिन को प्रदेश के जलीय जीव का दर्जा देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि तालाबों और नदियों को शुद्ध रखने का प्रयास करना चाहिए। गांगेय डाल्फिन प्रदेश में गंगा, यमुना, चम्बल घाघरा, राप्ती, गेरूआ आदि नदियों में पायी गयी है। एक अनुमान के अनुसार राज्य में गांगेय डाल्फिन की संख्या लगभग 2000 है।

इसके अतिरिक्त सीएम ने कहा कि वन्य जीवों को लेकर किस प्रकार का व्यवहार होना चाहिए इसका प्रशिक्षण यहां के लोगों को दिया जाना चाहिए। टाइगर रिजर्व से जुड़े आरक्षित क्षेत्र के हर गांव के लोगों को ट्रेनिंग देकर उन्हें गाइड के रूप में मान्यता देनी चाहिए। जिससे

**घोषणा**

**8 जलीय जीव का दर्जा देने की घोषणा की, कहा कि तालाबों और नदियों को शुद्ध रखने का प्रयास करना चाहिए**

लोगों को रोजगार मिल सके। स्थानीय नागरिकों को प्राथमिकता दे देंगे तो उन्हें रोजगार मिलेगा। पूरे गांव में जागरूकता पैदा होगी। उन्होंने कहा कि हमे यह भी देखना होगा जो पर्यटक या स्थानीय लोग आते हैं। वह प्लास्टिक का उपयोग करके कोई भी ऐसा कार्य न करें, जिससे जल और प्रकृति प्रदूषित हो।

**अब यूपी में 205 से अधिक बाघ:** मुख्यमंत्री ने कहा कि 2018-19 में मुझे दुधवा जाना पड़ा था। प्रकृति में संतुलन होने पर मानव एवं वन्यजीवों में संघर्ष होता है। इस संघर्ष से होने वाली जनहानि को रोकने के लिए हमारी सरकार ने इसे आपदा घोषित किया। अब कोई जनहानि होने पर पांच लाख का मुआवजा दिया जाता है। छह वर्ष के अंदर जन सहभागिता के माध्यम से वन विभाग को मॉडल विभाग बना दिया है।

वन्यजीवों के संरक्षण के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम यूएनडीपी में परिस्थिति तंत्र और जैव विविधता के प्रमुख मिंडोरी पैक्स्टन की ओर से पीलीभीत टाइगर रिजर्व को अंतरराष्ट्रीय स्तर का टाइगर एक्स टू अवार्ड दिया गया है।

## पायलट खुद हाईकमान, उन्हें मैं क्या कहूं: सीएम गहलोत

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

**राजस्थान** विधानसभा चुनाव के माहौल के बीच सीएम अशोक गहलोत ने सचिन पायलट को लेकर बड़ा बयान दिया। प्रत्याशियों को टिकट बांटने में पायलट की भूमिका को लेकर गहलोत ने कहा कि पायलट अब हाईकमान हो गए हैं। मैं उन्हें क्या सकता हूं, मैं उन्हें कुछ कहने वाला कौन होता हूं? उन्हें तो कांग्रेस अध्यक्ष ही कह सकते हैं। सीएम अशोक गहलोत ने एक मीडिया संस्थान के चुनावी कार्यक्रम में बोलते हुए ये बात कही। विधानसभा चुनाव और टिकट



बंटवारे में पायलट की भूमिका के सवाल पर गहलोत ने कहा कि सचिन पायलट कांग्रेस पार्टी के नेता है। पहली बार वे कांग्रेस वर्किंग कमेटी में आए हैं। कांग्रेस वर्किंग कमेटी का मेंबर होना बड़ी बात है। अब वे खुद हाईकमान हो गए हैं।



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को देहरादून में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी से शिष्टाचार भेंट करते हुए।

## राजस्थान में तीन और नए जिले बनाएंगे: सीएम गहलोत

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

राजस्थान विधानसभा चुनाव से पहले सीएम अशोक गहलोत ने एक बड़ी घोषणा करते हुए राजस्थान में तीन जिले बना दिए। उन्होंने एक्स (ट्वीट) कर इसकी जानकारी दी।

गहलोत ने एक्स कर कहा- जनता की मांग और उच्च स्तरीय समिति की अनुशंसा के अनुसार राजस्थान में तीन नए जिले और बनाए जाएंगे। इनमें मालपुरा, सुजानगढ़ और कुचामन सिटी शामिल होगा। सीएम गहलोत की घोषणा के बाद राजस्थान अब 53 जिलों वाला प्रदेश होगा। सीएम ने कहा कि आगे भी उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों के मुताबिक सीमांकन आदि परेशानियों को दूर किया जाता रहेगा।

जनता की मांग एवं उच्च स्तरीय समिति की अनुशंसा के अनुसार राजस्थान में तीन नए जिले और बनाए जाएंगे-

1. मालपुरा
2. सुजानगढ़
3. कुचामन सिटी

अब 53 जिलों का होगा राजस्थान. आगे भी उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों के मुताबिक सीमांकन आदि परेशानियों को दूर किया जाता रहेगा।

## 5.82 लाख मीट्रिक टन श्रीअन्न की खरीद होगी

**किसानों को लाभ**

**8 इस क्रम में मुख्य रूप से मक्का उत्पादक 29 जनपदों से मक्का क्रय किया जाना प्रस्तावित है।**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**देश के फूड** बास्केट के तौर पर अपनी पहचान को पुख्ता कर रहा उत्तर प्रदेश अब श्रीअन्न की पैदावार के साथ ही उसकी बिक्री को लेकर भी व्यापक कदम उठा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप योगी सरकार प्रदेश में मोटे अनाज यानि श्री अन्न (मिलेट्स) के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए लगातार नए प्रयास कर रही है। इस क्रम में योगी सरकार ने नवंबर से दिसंबर 2023 के बीच 3 माह में श्री अन्न की खरीद का लक्ष्य बढ़ाकर 5.82 लाख मीट्रिक




टन कर दिया है। इसमें सर्वाधिक 5 लाख मीट्रिक टन बाजरा की खरीद की जाएगी, जबकि 30 हजार टन ज्वार (हाइब्रिड), 50 हजार टन मक्का और 2 हजार टन कोदो की खरीद की जाएगी। श्रीअन्न के विक्रय के लिए कृषकों का पंजीकरण विभाग की वेबसाइट पर आरम्भ हो चुका है तथा अब तक 929 कृषकों द्वारा पंजीकरण कराया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष प्रदेश में 8532 किसानों से कुल मिलाकर 0.44 लाख मीट्रिक टन बाजरा की खरीद हुई थी।

**मोटे अनाजों की खरीद में होगी इन जनपदों की भूमिका:** राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि उप्र में श्रीअन्न यानि मोटे अनाजों की खरीद प्रक्रिया को अंजाम दिया जा रहा है। इस क्रम में मुख्य रूप से मक्का उत्पादक 29 जनपदों से मक्का क्रय किया जाना प्रस्तावित है।

## पत्रकारों का उत्पीड़न बंद हो : कांग्रेस

**झांसी: शहर** कांग्रेस द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर पिछले दिनों नई दिल्ली की न्यूज क्लिक बेबसाइड के संस्थापक व प्रधान संपादक प्रवीर पुरुकायसथ जो कि एक स्वतंत्र पत्रकार हैं, उन पर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा उनके कार्यालय में की गई छापेमारी व सामान जब्ती की कार्रवाई व कुछ पत्रकारों की गिरफ़्तारी के विरोध में एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि स्वतत्र पत्रकारों का उत्पीड़न एवं हनन बंद होना चाहिए, यह सब प्रेस की आजादी पर सीधा हमला है और कांग्रेस पार्टी प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला नहीं होने देगी। प्रेस की आजादी पर हमला सीधा लोकतंत्र पर हमला है, कांग्रेस पार्टी इसका लगातार विरोध करेगी।




जागरूक किया 'रक्तदान के प्रति जागरुकता जरूरी है, जागरूकता के अभाव में लोगों के मन में रक्तदान के प्रति भय बना रहता है'

## रक्तदान के लिए जागरुकता जरूरी : योगी आदित्यनाथ

**महादान**

**लखनऊ**

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रक्तदान के प्रति जागरुकता जरूरी है। जागरूकता के अभाव में लोगों के मन में रक्तदान के प्रति भय बना रहता है। आज भी अस्पतालों में आवश्यकता के अनुसार ब्लड की कमी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्लड ट्रांसफ्यूजन के क्षेत्र में बहुत कुछ परिवर्तन हुआ है। आज एक यूनिट ब्लड से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। मुख्यमंत्री होटल क्लार्क अवध में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ट्रांसकॉन की समिट पंद्रह वर्षों बाद प्रदेश में हो रही है। आप जिस उत्साह के साथ प्रदेश में आये हैं, उससे लगता है कि आप प्रदेश को जानने समझने आये हैं। यह ट्रांसकॉन मील का पत्थर साबित होगा, यह मेरी शुभकामना है। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश में 25 करोड़ आबादी निवास करती है। इतनी बड़ी आबादी को स्वास्थ्य सेवा की उत्कृष्ट सेवा उपलब्ध करवाना बड़ी बात है। हम



तकनीकी के साथ एक दूसरे की सहायता कर सकते हैं। इस क्षेत्र में बड़ी चुनौती जन जागरूकता है। ब्लड डोनेट और ब्लड बैंकिंग के लिए हमको कार्य करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में प्रतिदिन डेढ़ करोड़ यूनिट ब्लड की मांग है। इस सापेक्ष ब्लड बैंक में करीब 25 लाख यूनिट मौजूद है इसलिए ब्लड डोनेट के लिए जागरूकता जरूरी है।

कोरोना काल के शुरूआत में उत्तर प्रदेश में कोविड संबंधी कोई बेड ही नहीं था, हमने प्रयास किया। मेडिकल पैरा मेडिकल, टेक्निशियन, विशेषज्ञों के माध्यम से कार्य किया, जिससे देश में एक मॉडल बना। हमारे फ्रंटलाइन वर्कर्स ने बढ़-चढ़ कर कार्य किया। परिणाम स्वरूप हम प्रदेश में मृत्यु दर न्यूनतम रखने में सफल रहे। कोविड कालखंड में अगर हम यूएस से तुलना करें तो भारत में संक्रमण दर कम थी और मृत्यु दर

**8 ब्लड डोनेशन के लिए गांव, शहर स्कूलों में सेमिनार होने चाहिए: सीएम योगी आदित्यनाथ**

भी कम थी, इससे जागरूकता और प्रबंधन दोनों का पता चलता है। केजीएमयू देश के पुराने चिकित्सा संस्थानों में से एक है। यहां की प्रतिदिन की ओपीडी ही दुनिया के कई देशों की आबादी होगी। इन्हें स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करवाना भी बड़ी चुनौती होती है। इस तरह के सेमीनार से लोगों में अवेयरनेस बढ़ेगा, क्योंकि एक डॉक्टर जब बोलता है तो लोगों को विश्वास होता है।

ब्लड डोनेशन के लिए गांव, शहर स्कूलों में सेमिनार होने चाहिए।आज जब ये ट्रांसकॉन हो रहा है इसी के साथ प्रदेश में सेवा पखवाड़ा भी सम्पन्न हो रहा है। इस सेवा पखवाड़ा में एक कार्यक्रम ब्लड डोनेशन कैम्प का भी था। केवल इसी कार्यक्रम के माध्यम से ही हमने प्रदेश भर में करीब तीस हजार यूनिट ब्लड संरक्षित करवाया।